बिहार शिक्षा परियोजना, सीतामढ़ी

कार्य योजना

वर्ष : १९९४-९५

NIEPA DC
D09066
541237
372
BIH-K

- 541237
372
BIH-K

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-9066
Date......12-03-97

D 7 5136

अनुक्रमणिका

क्रम सं0	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	1-3
2.	सीतामढ़ी एक दृष्टि में	4
3.	सीतामढ़ी का मानचित्र	
	(1) परियोजना अच्छादित क्षेत्र 92-93	5
	(2) परियोजना प्रस्तावित क्षेत्र 93-94	6
	(3) परियोजना अच्छादित क्षेत्र 94-95	7
4.	प्राथमिक औपचारिक शिक्षा	
	(I) 93-94 की उपलब्धियाँ	8-10
	(II) 1994-97 अग्रदर्शी योजना	11
	(III) उद्देश्य	13-14
	(I/I) भवन निर्माण	15
	(I/II) ग्राम शिक्षा समिति	15
	(I/III) पाठ्य पुस्तक एवं कीट्स वितरण	17-19
	(I/IV) मोनीटरिंग एवं ईनोलूएशन	20
	(I/V) डुनियादी विद्यालय	21
	(IX) ग्राफ	23-24
	(X) कार्य की प्रक्रिया	25
	(XI) 1994-95 के कार्य योजना की झलक	26
5.	प्रशिक्षण	28-33
6.	अनौपचारिक शिक्षा	34-40
7.	महिला समाख्या	41-47
8.	वातावरण निर्माण एवं लोक भागीदारी	48-51
9.	कमजोरियाँ	52
10.	मजबूतियाँ	53
11.	मूल्यांकन अनुश्रवण एवं अनुसंधान	54-56
12.	अनुसूची	57-63
13.	बजट 94-95	63बी-74

बिहार शिक्षा परियोजना, सीतामढ़ी ।

वर्ष १९९४-९५ की कार्य योजना ।

भूमिका :-

बिहार शिक्षा परियोजना बुनियादी शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन लाने एवं उस परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों में बदलाव लाने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गयी है । इसके माध्यम से समाज के अभिवंचित एवं निःसहाय वर्गों को शिक्षा व्यवस्था की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है । चूंकि इस परियोजना का कार्यान्वयन वर्तमान में अवस्थित सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में किया जा रहा है जिसमें अनेकों प्रकार की जटिलतायें हैं, इसलिए मूल योजना में निर्धारित की गयी समय सीमा के अंतर्गत शत् प्रतिशत् लक्ष्य की प्राप्ति में अधिक समय भी लग सकती है ।

सीतामढ़ी जिले में बिहार शिक्षा परियोजना १-४-९२ को प्रारम्भ की गयी । परियोजना के प्रथम वर्ष में गहन अध्ययन के उपरान्त मूल योजना बनायी गयी थी जिसमें जिले की तत्कालीन शैक्षणिक स्थिति, सामाजिक परिवेश की उपलब्धि, स्थानीय संसाधन आदि को समावेश किया गया था । परियोजना के कार्यान्वयन के प्रथम वर्ष में जिले के सभी १६प्रखंडों के चयनित दस-दस कलस्टर गांवों में गतिविधियां प्रारम्भ की गयी थी । प्रथम वर्ष में परियोजना के सभी कम्पोनेन्ट में कार्यवाही नहीं प्रारम्भ की जा सकी । मात्र प्राथमिक औपचारिक शिक्षा, महिला समाख्या एवं वातावरण निर्माण के क्षेत्र में ही कार्य प्रारम्भ हुआ । महिला समाख्या की गतिविधि तो कालान्तर में १२ प्रखंडों में सीमित करनी पड़ गयी क्योंकि शेष चार प्रखंडों में परिस्थितियां ऐसी हो गयी कि कार्य को चलाना संभव नहीं हुआ ।

परियोजना के प्रारम्भिक महीनों में मूलतः कार्य योजना बनाने तथा कार्यान्वयन की दिशा निर्धारण करने में अधिकांश समय व्यतीत हुआ और इसी क्रम में दुर्भाग्यवश माह अक्टूबर में जिला भयंकर साम्प्रदायिक दंगों की चपेट में आ गया जिसके कारण परियोजना के कार्यान्वयन को जबर्दस्त आघात पहुंचा । उसके बाद माह फरवरी, ९३ के बाद इसके कार्यान्वयन को गति देने का प्रयास किया गया परन्तु पुनः माह जुलाई-अगस्त, ९३ में जिले में आयी अप्रत्याशित बाढ़ के कारण भी जन-जीवन अस्त-व्यस्त हुआ और परियोजना के कार्यान्वयन के लगभग दो माह तक गत्यावरोध रहा ।

उपरोक्त आपदाओं के बावजूद भी वर्ष १९९२-९३ में परियोजना जिले में अपना पहचान बनाने में कामयाब हुयी और एक अनुकूल वातावरण का निर्माण हुआ । अन्य विकास योजनाओं के समन्वय से आधारभूत संरचनाएं;

सृजित करने का प्रयास किया गया ।

वर्ष १९९२-९३ के अनुभव के आधार पर वर्ष १९९३-९४ में परियोजना को आच्छादित क्षेत्र में प्रचार करने में मूल योजना से अनुभव के आधार पर थोड़ा विचलन किया गया था और प्राथमिक औपचारिक शिक्षा में सम्पूर्ण जिले को ले लिया गया । वर्ष १९९३-९४ कन्सोलीडेसन का वर्ष माना गया है इसलिए इस वर्ष में सभी कम्पोनेन्ट के कार्यान्वयन में तेजी लायी गयी है और स्थल पर ठोस परिणाम लाने का प्रयास किया गया है । उसी के फलस्वरुप विभिन्न कम्पोनेन्ट की उपलब्धि लक्ष्य के अनुरुप संभव हो पायी है तथा परियोजना के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में एक दिशा में कुछ कदम पहल हुयी है ।

वर्ष १९९३-९४ में प्राथमिक औपचारिक शिक्षा कम्पोनेन्ट को प्राथमिकता दी गयी जिससे लोक भागीदारी सुनिश्चित हो सकी है तथा शिक्षक भी संवेदित हुए हैं । लोक भागीदारी का स्पष्ट द्योतक भवन निर्माण एवं मरम्मती, शिक्षण कीट्स वितरण, फर्नीचर निर्माण, अनुदेशक का चयन एवं नियोजन आदि प्रक्रिया में ग्राम शिक्षा समितियों की भूमिका से स्पष्ट होती है ।

वर्ष १९९३-९४ में २०प्रतिशत जन सहयोग से इस जिले में १९४ विद्यालयों का नव निर्माण एवं ५५ विद्यालयों की मरम्मती का कार्य हुआ जिसमें लगभग ६०लाख के जन सहयोग की राशि नीहित है । इतनी बड़ी राशि से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि परियोजना के कार्यान्वयन में आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित हुयी है जो इसके उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में सार्थक सफलता है ।

विद्यालयों में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि, औसत उपस्थिति में सुधार, शैक्षिक एवं भौतिक विद्यालय परिवेश में सुधार, शिक्षकों की मनोवृत्ति में बदलाव, समुदाय की सक्रिय भागीदारी आदि प्रयास ऐसे हैं जिनके बल पर यह सफलता प्राप्त हो सकी है ।

अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में इस जिले में स्वयंसेवी संस्था का अभाव होने के कारण प्रगति धीमी है परन्तु निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप है किन्तु इस जिले का अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में जो अनूठा प्रयास है वह यह है कि यह कार्यक्रम ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से चलाया जा रहा है । ग्राम शिक्षा समिति को भी एक स्वयंसेवी संस्था के रुप में तैयार किया जा रहा है । इससे ग्राम शिक्षा समिति अपने को अधिक सशक्त एवं भागीदार महशूश करती है परन्तु उन्हें केन्द्र चलाने के लिए सक्षम बनाने की बहुत अधिक प्रयास और मेहनत की आवश्यकता होती है ।

शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में पूर्णकालिक डायट एवं उसकी फैकल्टी नहीं होने के कारण कम ही शिक्षकों का प्रशिक्षण हो पा रहा है परन्तु प्रयास किया जा रहा है कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता अच्छी रहे और प्रशिक्षण के उपरान्त

शिक्षकों में दृष्टिकोणीय परिवर्तन आया तथा उनके पढ़ने-पढ़ाने के स्तर में भी नए आयाम जुड़े जिससे न्यूनतम स्तर सुनिश्चित हो सकी । महिला समाख्या के क्षेत्र में, वर्ष १९९२-९३ एवं १९९३-९४ में उन्हीं गांवों में कार्यक्रम चलाया गया दो साल के प्रयास से महिला सशक्त महसूस करती और समूह के माध्यम से अपनी समस्या के निराकरण में काफी हद तक सफल हो रही हैं ।

वर्ष १९९४-९५ के कार्य योजना में वर्ष १९९२-९३ एवं १९९३-९४ के कार्यक्रम के दौरान अनुभव के आधार पर पायी गयी कमियों का निराकरण १९९४-९५ के कार्य योजना में किया जा रहा है । वर्ष १९९४-९५ सशक्त सुदृढ़ीकरण का वर्ष माना जायेगा जिसमें ग्राम शिक्षा समितियों एवं महिला समूह को प्रशिक्षण एवं मोटीभेसन के आधार पर मजबूत और उत्तरदायी बनाने पर बल दिया गया है, जो अंततः सभी कम्पोनेन्ट के कार्यान्वयन में ग्राम स्तर पर तैयार होंगे । परियोजना के प्रबंधन में हर स्तर पर मीशन पद्धति को बल दिया जाएगा। स्वैच्छिक संस्था की भागीदारी प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स आदि का निर्माण कर सुनिश्चित किया जायेगा । प्राथमिक विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं एवं पढ़ने-लिखने की सामग्रियों की व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से की जा रही है ।

सीतामढ़ी जिला - एक दृष्टि में ।

कुल जनसंख्या - (1981 जनगणना)	2389185
जनसंख्या - पुरूष	1268469
जनसंख्या - महिला	1120716
लिंग अनुपात पुरूष : महिला	1000 : 884
जनसंख्या - अनुसूचित जाति	326740
जनसंख्या - घनत्व	904 /वर्ग कि.मी.
साक्षरता अनुपात	22.9 %
पुरूष	31.9 %
महिला	12.5 %
कुल गावों की संख्या	1041
कुल पंचायत	298
कुल प्रखंड	18
कुल अनुमंडल	3
परिवारों की कुल संख्या	403648
गरीबी रेखा के नीचे परिवारों की संख्या	256445
लघु कृषकों की संख्या	13589
सीमांत कृषकों की संख्या	51236
ग्रामीण कारीगिरी क्षेत्र के अन्तर्गत परिवारों की संख्या	8920
बाल मृत्यु दर (1981)	99 /1000
जन्म दर (1981)	30 /1000
मृत्यु दर (1981)	15 /1000

PROJECT COVERAGE IN THE YEAR '92-'93



REFERENCE :-

PF

MS

PROJECT COVERAGE IN THE YEAR '93-'94



PROPOSED PROJECT-COVERAGE OF '94-'95



प्राथमिक औपचारिक शिक्षा ।

वर्ष 1993-94 की उपलब्धियाँ

बिहार शिक्षा परियोजना के सम्पूर्ण कार्य योजना में प्राथमिक औपचारिक शिक्षा प्रभाग पर विशेष बल दिया जा रहा है, क्योंकि परियोजना के लक्ष्य समूह के अधिकांश लाभार्थी इस प्रभाग के अन्तर्गत आते हैं । प्राथमिक औपचारिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण से ही " प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण " का मार्ग प्रशस्त होता है । सीतामढ़ी जिला की प्रारम्भिक योजना से ही इस प्रभाग के महत्ता के अनुरूप कार्यक्रमों का समावेश किया गया है एवं उत्तरोत्तर इन क्रिया कलापों में गतिशीलता लाने के साथ-साथ अनुभव जनित नये कार्यक्रमों को भी समावेश किया जा रहा है ।

वर्ष 1993-94 में बिहार शिक्षा परियोजना, सीतामढ़ी की प्राथमिक औपचारिक शिक्षा की उपलब्धियाँ निम्नप्रकार है :-

§1§ सीतामढ़ी जिले में बिहार शिक्षा परियोजना का प्रादुर्भाव 1अप्रैल 1992 से ही प्रारम्भ हुआ था । परियोजना के कार्यान्वयन के प्रथम वर्ष में जिले के सभी 16 प्रखंडों के 10-10 गाँवों के संकुल का चयन किया गया । जिले के कुल 160गांवों में परियोजना के माध्यम से प्राथमिक औपचारिक शिक्षा व्यवस्था में नामांकन वृध्दि, छीजन दर में कमी एवं शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने का प्रयास किया गया था । परियोजना के कार्यान्वयन से पूर्व एवं पश्चात् छात्र एवं छात्राओं की संख्या निम्न प्रकार रही :-

	सामान्य		अनु0 जाति		योग		कुल योग	
	छात्र	छात्रा	छात्रे	छात्रा	छात्र	छात्रा	छात्र	छात्रा
मार्च91-	131178	55920	17031	5478	149211	59898	209109	
मार्च92-	143118	63882	20496	7585	163684	71397	235081	
मार्च93-	164913	77248	29685	12091	194598	89339	283937	

वर्ष 1991, 1992 एवं 1993 में क्रमशः 209109, 235081 एवं 283937 रही है । इस प्रकार बिहार शिक्षा परियोजना लागू होने के बाद 12.4% एवं 1992 की तुलना में 1993 में 20.7% की वृध्दि हुयी है ।

2- परियोजना के कार्यान्वयन के प्रथम वर्ष में ही विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के क्रम में वृहत् पैमाने पर विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य लिया गया । परियोजना के कार्यान्वयन में यह महसूस किया गया कि इसे जन आंदोलन का रूप देने के लिए इसके कार्यान्वयन के हर चरण में स्थानीय जन समुदाय की भागीदारी नितान्त आवश्यक है एवं तद्नुसार उसी पृष्ठभूमि में विद्यालय भवनों के निर्माण में भी 20प्रतिशत अंशदान के रूप में स्थानीय ग्रामीण समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करके वृहत् पैमाने पर विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य करवाया गया । इस भवन निर्माण कार्यक्रम में जनसहयोग के रूप में 20प्रतिशत के बराबर न सिर्फ सहयोग ही प्राप्त हुआ अपितु इससे एक अनुकूल वातावरण का निर्माण हुआ । जनसाधारण के मन में यह भावना विकसित हुयी कि यह विद्यालय उनका अपना है और इसकी देखभाल उन्हें स्वयं करनी है। इस योजना के अंतर्गत 93-94 में कुल 249 योजनायें ली गयी थी जिसमें 194 नव निर्माण एवं 55 मरम्मति की योजना थी जिसकी प्राक्कलित राशि 29575477/= रूपये थी जिसका 20प्रतिशत यानि 5915095/=रूपये जिले के ग्रामीणों के द्वारा जनसहयोग के रूप में उपलब्ध करवाया गया है । इसके अतिरिक्त स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी भूमि दानस्वरूप उपलब्ध करवायी गयी है । नव निर्माण का कार्य 194 विद्यालयों में से 155 विद्यालयों में पूर्ण हो चुका है तथा शेष का इस वित्तीय वर्ष के अंत में पूर्ण हो जायेगा । इसी प्रकार मरम्मति में 45 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो जायेगा ।भवनहीन विद्यालय एवं बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा भवन निर्माण के पश्चात् छात्र

§2§

संख्या में संवंधित विद्यालय में 25% की वृध्दि हुयी, जो ग्राफ से स्पष्ट है ।

3- इसी क्रम में लगभग 93 विद्यालयों में अन्य विकास कार्यक्रमों से समन्वयक स्थापित करके पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु विद्यालयों में चापाकल गड़वाए गए ।

4- 310 विद्यालयों में जन प्रतिनिधियों के व्यक्तिगत सहयोग से श्याम पट्ट की व्यवस्था करवायी गयी ।

5- 93 विद्यालय में जवाहर रोजगार योजना से समन्वयक स्थापित करके शौचालय का निर्माण करवाया गया ।

6- जिले के नामांकित सभी छात्राओं एवं अनुसचित जाति के छात्रों को 1,04,000 शिक्षण कीट्स उपलब्ध करवाया जा रहा है । चयनित 640विद्यालयों में पुस्तकालय, खेलकूद सामग्री, इनोभेटिव स्कूल सामग्री, बैठने हेतु चटाई की व्यवस्था करवायी जा रही है ।

7- नामांकन अभियान के क्रम में जिले के सभी गांवों के ग्राम शिक्षा समिति, शिक्षक अभिभावक के साथ 60 स्थानों पर कार्यशालायें आयोजित की गयी । इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी चार कार्यशाला आयोजित की गयी ।

8- शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 32 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया ।

9- सभी विद्यालयों में कम से कम दो शिक्षक की पदस्थापना हुआ है। कोई विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है । 31 जुलाई 1993 तक जो शिक्षक अवकाश प्राप्त कर चुके थे और जिनका उपादान, अर्जितावकाश, ग्रुपबीमा की राशि का भुगतान नहीं हुआ था उन्हें 5सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आदेश पत्र दिया गया ।

10- शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था की गयी।

11- शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये गये । शिक्षकों की उपस्थिति नियमित हुयी है एवं लोगों का विश्वास बिहार शिक्षा परियोजना के प्रति बढ़ा है ।

12- नौ प्रखंडों के चयनित विद्यालयों की शिक्षा समितियों के अध्यक्ष/ अभिप्रेरक का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है ।

13- उपस्कर की आपूर्ति हेतु विद्यालय प्रधान एवं ग्राम शिक्षा समिति के सहयोग से कराया जा रहा है ।

14- विद्यालयों की निरीक्षण की नियमित व्यवस्था एवं निरीक्षण का उद्देश्य सुधारात्मक रखा जाय ।

15- न्यूनतम अधिगम स्तर के अंतर्गत 100 विद्यालयों में शिक्षकों का प्रशिक्षण एवं पूर्व परीक्षण ।

16- गुरु गोष्ठी की नियमित व्यवस्था एवं इससे शिक्षकों के शिक्षण कौशल एवं विधि में सुधार हेतु प्रयास ।

17- शिक्षक संघों के साथ बैठक एवं उनके माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित करने हेतु प्रयास अभिवंचित वर्ग/नारी शिक्षा में शिक्षकों का दायित्व पर कार्यशाला ।

18- परिपत्रों के माध्यम से शैक्षणिक एवं पराशैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु विद्यालयों को दिशा-निर्देश, पाठ्यक्रम एवं पाठयोजना की आपूर्ति।

वर्ष 1993-94 के मुख्य क्रियाकलाप एवं उपलब्धि

क्रिया कलाप का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि
1. कार्यशालाएँ	10	5
2. बेंच मार्क सर्वे	16	1
3. शिक्षक संगठनों के साथ बैठक		
4. नामांकन अभियान हेतु कार्यशाला	33	16
5. ग्राम शिक्षा समिति का गठन (कार्यरत)	640	640
6. विद्यालय इनोवेटिव की आपूर्ति	640	-
7. खेल सामग्री की आपूर्ति	640	-
8. छात्राओं में शिक्षण कीट्स का वितरण	69700	67063
9. अनुसूचित जाति के छात्रों में शिक्षण कीट्स वितरण	38366	25492
10. ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण	2000	1710
11. विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों का ओरिऐन्टेशन	4	-
12. विद्यालय पुस्तकालय की स्थापना	640	-
13. भवन निर्माण	170	155
(ख) भवन मरम्मति	55	55
(ग) शौचालय	50	100
(घ) विद्यालयों में फर्नीचर की आपूर्ति	300+340	640
14. ब्लैक बोर्ड निर्माण	640	640
15. शिक्षकों को पुरस्कार	26	32

प्राथमिक औपचारिक शिक्षा में कार्यक्रमों की विशेषता

1. भवन निर्माण में ठीकेदारी प्रथा का अंत ।
2. ग्राम शिक्षा समिति को पुनर्गठन कर प्रशिक्षण के माध्यम से सक्रिय बनाना ।
3. बिहार शिक्षा परियोजना के कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता ।
4. प्रशिक्षण द्वारा शिक्षकों की कार्यशैली में गुणात्मक सुधार ।
5. विद्यालय फर्नीचर का निर्माण ग्राम शिक्षा समिति द्वारा ।
6. मुसहर बस्ती में विद्यालयों की स्थापना ।
7. छात्रों की अनुपात में शिक्षक भर्ती का पुनर्वितरण ।
8. कर्त्तव्य-निष्ठ शिक्षकों को सम्मान ।
9. समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु पहल ।

वर्ष 1994-97 का प्रोस्पेक्टिभ प्लान

बिहार शिक्षा परियोजना, सीतामढ़ी जिले में वर्ष 1992 में प्रारम्भ हुयी जो वर्ष 1997 तक चलेगी । पिछले दो वर्षों का प्रगति के आधार आगामी तीन वर्षों का प्रोस्पेक्टिभ प्लान बनाया गया है, जिसके अनुसार 6 से 14 वर्ष के आयु के बच्चे/बच्चियों का शत् प्रतिशत नामांकन वित्तीय वर्ष 1996-97 के अन्तर्गत प्राप्त करने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है ।

प्रस्तावित लक्ष्य वित्तीय वर्ष 1994-95 लड़का 2,33,520 लड़की 1,34,011
वित्तीय वर्ष 1995-96 लड़का 2,51,562 लड़की 1,98,592
वित्तीय वर्ष 1996-97 लड़का 2,71,036 लड़की 2,27,180

इस वर्ष के अनुमानित आँकड़ों के आधार पर इस जिले में 285541 छात्र एवं 228264 छात्राएँ 6 से 14 वर्ष के हैं, जिसमें से 194593 छात्र एवं 89337 छात्राएँ वर्ष 1993 में नामांकित हो गए हैं एवं वर्ष 1994-95 में 233520 छात्र एवं 134011 छात्राएँ को प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । वर्ष 1995-96 में जिले के 8 प्रखंडों में शत् प्रतिशत नामांकन हासिल किया जायगा तथा परियोजना के कार्यान्वयन के अंतिम वर्ष में सम्पूर्ण जिले में शत् प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जायगा ।

वर्ष 1994-95 में जिले के एक चयनित प्रखंड रीगा में शत् प्रतिशत नामांकन के लिए चुना जा रहा है, जिसमें 90 प्रतिशत छात्र-छात्राएँ को औपचारिक शिक्षा के माध्यम से 6 प्रतिशत छात्र/छात्राओं को अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से एवं शेष छात्राओं को प्राईवेट विद्यालयों के माध्यम से आच्छादित करके प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जायगा । आगामी वर्ष में जिले के शेष 9 प्रखंडों में अनौपचारिक शिक्षा चलाए जायेंगे तथा उनके अतिरिक्त प्रखंडों में राज्य सरकार के संबंधित विभाग द्वारा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम चलाया जायगा । वर्ष 1995-96 में बिहार शिक्षा परियोजना से जिले के निम्नांकित प्रखंडों में अनौपचारिक शिक्षा एवं प्राईवेट विद्यालयों के माध्यम से शत् प्रतिशत नामांकन किया जायगा ।

वर्ष 1995-96 में शत् प्रतिशत नामांकन हासिल किये जाने के लिए चयनित प्रखंड होगा (1) डुमरा (2) बथनाहा (3) सोनबरसा (4) परिहार (5) सुरसंड (6) नानपुर (7) तरियानी (8) डुमरी कटसरी

वर्ष 1996-97 में शत प्रतिशत नामांकन के लिए (1) रून्नीसैदपुर (2) बेलसण्ड (3) पिपराढ़ी (4) पुरनहिया (5) मेजरगंज (6) बैरगनिया (7) पुपरी (8) बाजपट्टी (9) शिवहर

जिले में वर्त्तमान में भवनहीन विद्यालयों की संख्या 245 है, जिसकी सूची संलग्न है । वर्ष 1994-95 में 150 भवनहीन विद्यालयों में नया भवन उपलब्ध करवाया जायगा तथा वर्ष 1995-96 में शेष भवनहीन प्राथमिक विद्यालयों को भवन उपलब्ध करवाया जायगा । वर्ष 1994-95 में 100 प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मति भी करवाने का लक्ष्य है तथा 95-96 में भी 100 प्राथमिक विद्यालयों के भवन की मरम्मति करवायी जायगी । वर्ष 1996-97 में मध्य विद्यालयों में आवश्यकतानुसार भवन उपलब्ध करवाया जायगा ।

जिले के सभी विद्यालयों में पीने के पानी की सुनिश्चित व्यवस्था से इसी वर्ष के अंत तक कर दी जा रही है ।

जिन विद्यालयों में भवन निर्माण का कार्य करवाया जायगा उनमें शौचालय निर्माण भी संबंधित वर्ष में करवाया जायगा । जवाहर रोजगार योजना से ऐसे मध्य विद्यालयों में शौचालय का निर्माण कार्य करवाया जायगा जिनमें छात्राओं की संख्या पर्याप्त है ।

इस वर्ष जिले के 640 चयनित विद्यालयों में पुस्तकालय, इनोवेटिव स्कूल सामग्री एवं पानी की व्यवस्था की जा रही है । वर्ष 1994-95 में 323 प्राथमिक विद्यालयों में इन सामग्रियों की व्यवस्था की जायगी तथा उसके बाद के

वर्ष में सभी मध्य विद्यालयों में इन सामग्रियों की व्यवस्था की जायगी ।

नामांकन के उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने एवं छीजन दर को कम करने के प्रयोजन से शिक्षण कीट्स जिले के सभी विद्यालयों में सभी सालों में उपलब्ध करवाया जायगा तथा जिले की अर्थ व्यवस्था को देखते हुए यह भी प्रस्ताव है कि सभी जाति के छात्र/छात्राओं को शिक्षण कीट्स उपलब्ध करवाया जाय ।

न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रमों को सम्पूर्ण जिला के विद्यालयों में लागू किया जायगा । न्यूनतम अधिगम स्तर परीक्षण हेतु शिक्षकों में इस प्रकार दक्षता विकसित की जायगी कि वे स्वयं प्रश्न पत्र तैयार करें एवं मूल्यांकन करें ।

वर्ष 1997 तक इस जिले के सभी विद्यालयों के शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रशिक्षित कर दिया जायगा, तथा परियोजना का कार्य समाप्त होने तक ग्राम शिक्षा समिति के इतना सुदृढ़ योग्य एवं प्रेरित कर दिया जाय ताकि वे अपने स्तर से प्राथमिक शिक्षा की सुदृढ़ीकरण का कार्य यथावत् जारी रखा सके ।

==========

§6§

प्राथमिक औपचारिक शिक्षा
कार्य योजना-1994-95.

उद्देश्य:-

जिले में चयनित एक प्रखंड रीगा में प्राथमिक औपचारिक शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से सत् प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना ।

§2§ जिले में शेष प्रखंड में छात्रों का नामांकन बाल पंजी के अनुसार बालक नामांकन 90 प्रतिशत एवं बालिकाओं का नामांकन 60 प्रतिशत सुनिश्चित करना ।

§3§ प्राथमिक कक्षाओं में छात्रों की औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत सुनिश्चित करना और छात्राओं की उपस्थिति 60 प्रतिशत सुनिश्चित करना। उर्ध्व छीजन दर 10 प्रतिशत हो, ऐसी व्यवस्था करना ।

§4§ चयनित एक सौ विद्यालयों को न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्ति सुनिश्चित करना ।

§5§ चयनित विद्यालयों में परीक्षा की नयी व्यवस्था सुनिश्चित करना।

§6§ अल्पसंख्यक समुदाय के लड़कियों के नामांकन पर विशेष बल ।

§7§ शैक्षणिक एवं अन्य विद्यालय आधारित गतिविधियों में ग्राम समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना ।

§8§ वर्ष 1994-95 में प्राथमिक औपचारिक विद्यालय की गतिविधियों जिले के शेष सभी 723 प्राथमिक विद्यालयों में लागू होगी । दूसरे शब्दों में वर्ष 94-95 के लिए इस जिले में 723 प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया जायगा। इसमें से 287 प्राथमिक विद्यालयों पूर्व से ही औपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत चयनित है । इन 287 विद्यालयों में वे सभी सामग्रियाँ नहीं दी जायेगी जो ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड के तहद प्राप्त है ।

§9§ यद्यपि अभी तक मध्य विद्यालयों को भवन निर्माण हेतु समावेशित नहीं करने का निर्णय है लेकिन निम्न कारणों से मध्य विद्यालय को समावेशित करने की आवश्यकता महसूस की गयी है :-

§क§ इन सभी मध्य विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई होती है ।

§ख§ऐसे मध्य विद्यालय के आस-पास कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है इसलिए ऐसे मध्य विद्यालय के क्षेत्र में पड़ने वाले 6 से 14 वर्ष के बच्चे/बच्चियों किसी शिक्षण संस्था में नामांकित है और यदि इसे बिहार शिक्षा परियोजना के तहत चयनित नहीं किया जायगा तो उन छात्र/छात्राओं को परियोजना के लाभों से वंचित होना पड़ेगा, जिसके कारण मध्य विद्यालय के आच्छादन क्षेत्र में पड़ने वाले परिवारों में परियोजना के प्रति निराशा की भावना उत्पन्न हो जायगी जो प्रतिकूल वातावरण को जन्म देगी ।

§ग§ चूँकि मध्य विद्यालय में तुलनात्मक शिक्षकों की संख्या अधिक होती है, शिक्षक विषयानुसार एवं वर्गानुसार रहते हैं तथा उच्च कक्षाएँ होने के कारण ऐसा भी पाया गया है कि उच्च कक्षा में बच्चे पढ़ने जाते हैं तो उनके छोटे भाई बहन भी उनके साथ आते हैं, जिसके कारण मध्य विद्यालयों में छीजन का दर कम होता है जो विद्यालयों से प्राप्त आँकड़ों से भी परिलक्षित होता है । अतः किसी भी स्थिति में मध्य विद्यालयों को परियोजना के लाभों से वंचित रखना उचित नहीं होगा ।

§घ§ प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के बीच शिक्षकों का स्थानान्तरण संभव है । अतः दोनों विद्यालयों के शिक्षक एक ही कैडर के होते हैं, इसलिए यदि मध्य विद्यालय को चयनित नहीं किया जायगा तो उन मध्य विद्यालय के शिक्षक कालान्तर में प्राथमिक विद्यालय में स्थानान्तरित होंगे जो अप्रशिक्षित रहेंगे जो परियोजना के हित में नहीं है ।

§ङ§ चूँकि मध्य विद्यालय तुलनात्मक पुरानी संस्थायें हैं ,इसलिए ग्रामीण समुदाय का मध्य विद्यालय के प्रति अधिक लगाव रहता है । मध्य विद्यालयों के पास जमीन भी अधिक होती है, विद्यालय का परिवेश तुलनात्मक बेहतर होता है, तुलनात्मक अधिक योग्यताधारी शिक्षक पदस्थापित रहते हैं, इसलिए मध्य विद्यालय का चयन करना भी अनिवार्य है, लेकिन बिहार शिक्षा परियोजना के जो लाभ हैं, वे मध्य विद्यालय के प्रशिक्षण तक ही सीमित रखा जा सकता है।

§10§ जिले के सभी चयनित विद्यालयों को गुणवत्तायुक्त पढ़ाई हेतु सुसज्जित करना ।

§11§ प्रस्तावित कार्य योजना के कार्य विन्दु निम्न प्रकार होंगे :-

§क§ नामांकन को एक अभियान के रूप में चलाया जायगा और इसके दौरान जिले में सभी प्रखंडों में शिक्षक,अभिभावक, शिक्षा प्रेमी एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों की बैठकें कुल 60 स्थानों पर आयोजित की जायेगी ।

§ख§ अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के नामांकन हेतु अल्पसंख्यक बहुल आवादी वाले प्रखंडों में प्रभावशाली एवं वरिष्ठ प्रतिनिधियों की कर्मशाला आयोजित की जायेगी ।

§ग§ शिक्षकों व्दारा बाल पंजी का निर्माण एवं सम्पर्क सूची का निर्माण करना ।

§घ§ बाल पंजी की संख्या के आधार पर विद्यालय के क्षेत्र को ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों के बीच परिवार-वार बाँटना एवं आवंटित क्षेत्रों के छात्र- छात्राओं के नामांकन की जिम्मेवारी सुनिश्चित करना ।

§ङ§ शिक्षा यात्रा का आयोजन- महत्वपूर्ण दिवसों यथा 26 जनवरी, 15 अगस्त,5 सितम्बर एवं 14 नवम्बर शिक्षा यात्रा का आयोजन किया जायेगा ।

§च§ प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन करना:- जिसमें प्रत्येक प्रखंड में एक नामांकन अभियान के दौरान एवं दूसरा अगस्त सितम्बर में छात्रों एवं छात्राओं का छीजन रोकने के लिए की जायेगी । जिला स्तर पर भीदो-दो कुल चार कार्यशाला आयोजित करने का लक्ष्य है ।

§छ§ नियमित रूप से गुरु गोष्ठी का आयोजन एवं शैक्षणिक समस्याओं का प्रभावकारी निराकरण शिक्षण विधि एवं कौशल में तथा दक्षता में वृध्दि हेतु न्यूनतम दक्षता वृध्दि का ज्ञान आदर्श पाठों की व्यवस्था तथा शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा साथ ही शिक्षकों की समस्या हेतु महीने में कम से कम एक बार शिक्षा शिविर का आयोजन जिला स्तर पर सप्ताह में एक बार किसी खास प्रखंड के सभी समस्याओं का निदान गुरुगोष्ठी को सुदृढ़ीकरण करने, शिक्षक स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु प्रयास किया जाएगा । इसके तहत सभी प्रखंडों के प्रत्येक गुरु-गोष्ठियों में सामान्य प्रशासन के अधिकारियों को भेजा जाएगा ।

§ज§ जिला शिक्षा स्थापना समिति की हर महीने में नियमित बैठक सुनिश्चित किया जाएगा जिसमें छात्र संख्या के आधार पर शिक्षक ईकाई का पुनर्निधारण करना एवं प्रत्येक विद्यालयों में कम से कम दो शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित करना ।

§झ§§ए§जिला प्रारम्भिक शिक्षा समिति की बैठक साल में कम से कम दो बार आयोजित करना और उसमें शिक्षकों की ईकाई के संबंध में विचार करना। भूमिहीन विद्यालयों को बन्द करना । वैसे विद्यालयों को नजदीक के विद्यालयों में मिलाने पर विचार करना जिसमें छात्र-उपस्थिति कम है तथा जिनकी उपयोगिता नहीं है ।

§बी§जिन अभिवंचित वर्ग के टोला में विद्यालय नहीं है, वहाँ विद्यालय खोलने एवं विद्यालय के लिए भूमि प्राप्त करना ।

§सी§शिक्षक ईकाई का समायोजन तथा नये विद्यालय खोलने एवं अनौपयोगी विद्यालयों को बन्द करने की शक्ति जिला प्रारम्भिक शिक्षा समिति

को होना चाहिए और उसका निर्णय अंतिम होना चाहिए । अर्थात् ऐसे मामले में निर्देशालय की शक्तियाँ जिला कार्यकारिणी समिति को प्रत्यायोजित कर दिया जाना चाहिए ताकि जिला प्रारम्भिक शिक्षा समिति के निर्णयों के अनुमोदन एवं कार्यान्वयन में होने वाले विलम्ब से बचा जा सके ।

§ठ§ पिछले वर्ष 640 विद्यालयों को इनोभेटिभ स्कूल सामग्री, खेलकूद सामग्री, उपस्कर आदि के लिए चयनित किया गया था । इस कार्य योजना में शेष 723 प्राथमिक विद्यालयों को इन सुविधाओं हेतु चयनित किया जा रहा है । इनमें से 245 विद्यालय अभी भी भवनहीन है, परन्तु इस कार्य योजना के अनुसार इन विद्यालयों में भवन निर्माण को भी प्रस्ताव है । इसमें वैसे विद्यालयों को समावेशित नहीं किया गया है जिसके पास भूमि नहीं है । ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत जो विद्यालय चयनित हैं, उनमें सभी सामग्रियाँ नहीं दी जायेगी जो उन्हें ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत चयनित है ।

§ड§ बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा आपूर्ति की जाने वाले सामानों के रख-रखाव की जवाबदेही संबंधित ग्राम शिक्षा समिति की होगी ।

भवन निर्माण :-

जिले में 1993-94 तक हुए भवन निर्माण के अलावे 150 भवनहीन प्राथमिक विद्यालयों में भवन निर्माण कराया जाएगा तथा 150 प्राथमिक विद्यालयों के भवनों को मरम्मति का लक्ष्य है । यह पाया गया है कि भवनहीन विद्यालयो में भवन निर्माण कराया गया है उसमें नामांकन में पर्याप्त वृध्दि हुयी है ।

सीतामढ़ी नगरपालिका क्षेत्र एवं अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय की स्थिति चिन्ताजनक है । मध्यमवर्गीय एवं उच्चवर्गीय आय वाले नागरिक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में सशुल्क पढ़ा लेते हैं किन्तु निर्धन एवं निर्धनतम परिवार के बच्चों प्राथमिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं । उनका कार्य सिर्फ घूम-घूम कर रद्दी सा ों को इकट्ठा करना या बाल श्रमिकों के रूप में किसी के परिवार में नौकरी करना रह जाता है ।

आश्चर्य है कि ये निर्धन परिवार के बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं, जबकि ये ही ही सम्पन्न घराने का घरेलू नौकर की हैसियत से उनके बच्चों का झोला लेकर उन्हें विद्यालय पहुँचाते हैं तथा पुनः घर लाते हैं । बिहार शिक्षा परियोजना, सीतामढ़ी इन वर्गों के मनोदशा को देखते हुए 1994-95 में अपनी कार्य योजना में शहरी क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों को बिहार शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत चयन करने की योजना बनाई है ।

भूमि की अनुपलब्धता को देखते हुए न क्षेत्रों के भूमि-हीन विद्यालयों को भवन युक्त विद्यालयों में विलयन कर शिक्षण कार्य को पाली व्यवस्था के अनुरूप चलाने की व्यवस्था करने की योजना बनाई है । भूमि वाले विद्यालयों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण करने का प्रस्ताव है ।

शहरी क्षेत्रों में वातावरण का निर्माण कर ऐसे मुहल्ले चिन्हित किये जायेंगे तथा उनके बच्चों के शिक्षण व्यवस्था के लिए विशेष उपलब्ध किये जायेंगे।

इसके लिए शहरी क्षेत्रों के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों, बुध्दिजिवियों एवं समाजसेवीयों के साथ कर्मशाला का आयोजन कर इसे मुर्त्त रूप देने का प्रस्ताव है।

ग्राम शिक्षा समिति :-

ग्राम शिक्षा समिति, बिहार शिक्षा परियोजना का मेरुदण्ड है । सामाजिक परिस्थितियों में परिवर्त्तन के किसी भी प्रयास की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि समाज के कितने बड़े भाग का भावनात्मक सम्बन्ध इन प्रयासों से जुड़ पाता है। शिक्षा परियोजना के लिए यह और भी आवश्यक है कि समाज में विश्वास और आस्था उत्पन्न हो, परियोजना के साथ समाज के सृजनशील व्यक्तियों का चिंतन एवं समझ-बूझ जुड़े और वैसे भी व्यक्ति तथा संस्थाएँ जिनका परियोजना

को सफल बनाने में सहयोग आवश्यक है, उनके साथ तालमेल सुनिश्चित किया जाय ।

बिहार शिक्षा परियोजना में लोकभागीदारी को सुनिश्चित स्वरुप दिया गया है और यह स्वरुप ग्राम शिक्षा समिति के रुप में प्राप्त होता है । आज बिहार शिक्षा परियोजना में ग्राम शिक्षा समिति की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है क्योंकि :-

§क§ ग्राम शिक्षा समिति, औपचारिक शिक्षा के लिए
§ख§ग्राम शिक्षा समिति अनौपचारिक शिक्षा के लिए
§ग§ ग्राम शिक्षा समिति वातावरण निर्माण के लिए
§घ§ग्राम शिक्षा सतिति महिला जागृति के लिए

इस प्रकार ग्राम शिक्षा समिति बिहार शिक्षा परियोजना की सभी गतिविधियों के लिए आवश्यक हो गया है । बिहार शिक्षा परियोजना,सीतामढ़ी यह चाहती है कि परियोजना समाप्त होने तक ग्राम शिक्षा समिति को इतना सुदृढ़ योग्य एवं प्रेरित कर दिया जाय ताकि वे अपने स्तर से गतिविधियों को परियोजना समाप्ति के बाद चालू रख सके ।

1994-95 की कार्य योजना में इसकी मजबूती एवं बिहार शिक्षा परियोजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु इनकी गतिविधियों को सक्रिय करने पर बल दिया जा रहा है ।

वर्ष 1993-94 तक इस जिले के कुल 640 ग्राम शिक्षा समितियाँ हैं, जिनमें 640 अध्यक्ष एवं 640 अभिप्रेरक,ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों की कुल संख्या 9,600 है ।

वर्ष1994-95 में इस जिले के 723 प्राथमिक विद्यालयों को बिहार शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत चयनित किया जा रहा है । इसलिए 723 ग्राम शिक्षा समितियाँ होंगी ।

गठन :-
=======

§1§ नये ग्राम शिक्षा समिति के अभिप्रेरक एवं सक्रिय सदस्यों की पहचान ·

इसके लिए अगल-बगल के विद्यालयों की ग्राम शिक्षा समिति के प्रशिक्षित सक्रिय सदस्यों की सहायता से नये समिति के अभिप्रेरक एवं सदस्यों की पहचान की जायेगी ।

§2§ अभिप्रेरक हेतु कार्यशाला:-

इस जिले के सभी 18 प्रखंडों में एक-एक दिन की कार्यशाला आयोजित की जायेगी,जिसका वित्तीय भार बिहार शिक्षा परियोजना को वहन करना होगा ।

§3§ पूर्व की समिति के अध्यक्ष एवं अभिप्रेरकों के साथ नियमित मासिक बैठक

बिहार शिक्षा परियोजना की गतिविधियों से ग्राम शिक्षा समिति को नियमित रुप से अवगत कराना होगा तथा ग्राम शिक्षा समिति के विचारों एवं कार्यों से भी सतत् अवगत होना होगा ।

§4§ प्रखंड स्तर पर प्रखंड कार्यदल एवं प्रखंड कार्य समूहों का गठन :-

बिहार शिक्षा परियोजना की इ गतिविधियों को तेज करने के लिए प्रखंड स्तर पर इसकी अपनी ईकाई होना आवश्यक है जिसका गठन किया जाएगा तथा इसलिए इसके लिए वित्तीय व्यवस्था किया जाना आवश्यक है ।

ग्राम शिक्षा समिति की कार्य योजना को प्रत्येक तिमाही में बाँटकर लागू की जाएगी :-

प्रथम तिमाही :-
=============

प्रथम चरण में सभी नये ग्राम शिक्षा समिति का गठन
ख- प्रखंड स्तरीय कार्यशाला
ग- 181 ग्राम शिक्षा समिति का प्रशिक्षण
घ- प्रत्येक माह पुराने ग्राम शिक्षा समिति के साथ रिफ्रेशर बैठक
ङ- एक प्रखंड रीगा में कार्यदल का गठन ।

द्वितीय चरण:-
==========

{1} 18। ग्राम शिक्षा समिति के सक्रिय सदस्यों की पहचान बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा तत्पश्चात् प्रशिक्षण।

2- प्रखंडों में कार्यदल का गठन एवं प्रशिक्षण

3-जिला स्तर पर कार्यशाला

4-रिफ्लेक्शन बैठक प्रतिमाह

तृतीय चरण:-
===========

1-18। ग्राम शिक्षा समिति के सक्रिय सदस्यों की पहचान एवं प्रशिक्षण

2-7 प्रखंड कार्यदल का गठन एवं प्रशिक्षण

चतुर्थ चरण:-
========

1-शेष सभी ग्राम शिक्षा समिति के सक्रिय सदस्यों की पहचान एवं प्रशिक्षण।

2-शेष सभी प्रखंडों में कार्यदल का गठन एवं प्रशिक्षण

पाठ्य पुस्तक का वितरण:-
=====================

सीतामढ़ी जिले में 1994 में बाल पंजी के अनुसार कुल 486976 छात्र/छात्रायें 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे, जिसमें संभावित होने वाले छात्र/छात्राओं की संख्या 72850 के करीब होंगे एवं इसमें से कुल नामांकित छात्र/छात्राओं में से 21906। छात्र/छात्राओं को शिक्षण कीट्स वर्तमान निदेशों के आलोक में दिया जायेगा तथा 189723 छात्र/छात्राओं को शिक्षण कीट्स नहीं दिया जायेगा परन्तु अनुभव के आधार पर ऐसा महसूस किया गया है कि निम्नांकित कारणों से जिले के सभी विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षण कीट्स दिया जाना चाहिए :-

1{विद्यालय के कक्षाओं में सभी जाति के छात्र-छात्राओं एक साथ बैठते हैं। उनमें से यदि किसी सामान्य जाति के छात्र को पुस्तक नहीं मिलती है और उसके बगल में बैठे अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को एवं सामान्य जाति के छात्राओं को पुस्तक मिलती है तो स्वतः दिमागी विश्लेषण के उपरान्त जातीयता की भावना को बल मिलेगा और उस छोटे बच्चे के दिमाग में जातिवाद की भावना, सामाजिक भेदभाव की भावना पनप जायेगी जो बिहार शिक्षा परियोजना के व्यापक हित में नहीं है।

2{इस जिले में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करनेवाले परिवारों की संख्या कुल संख्या 67 प्रतिशत है। इन परिवारों के बच्चे भी असहाय परिवार के बच्चे हैं जिसमें से अधिकांश भूमिहीन, मजदूर श्रेणी के होते हैं। इसलिए उन्हें यह लाभ देना आवश्यक है।

3{अनुसूचित जाति के अलावे भी अनेकों ऐसी जातियाँ है जिनका आर्थिक स्तर अनुसूचित जाति जैसा ही है जैसे खातवे, नुनिया, ततमा बिन्द{मल्लाह}, हजाम आदि।

4{ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे परिवार जो आर्थिक दृष्टिकोण से सक्षम हैं वे अपने बच्चों को शहर के विद्यालयों में पढ़ाते हैं अर्थात् सरकारी विद्यालयों में मात्र वैसे ही अभिभावक अपने बच्चे को पढ़ाते हैं जो आर्थिक स्थिति से विपन्न होते हैं। जिले के चयनित

तीन विद्यालयों के सर्वेक्षण के आधार पर यह पाया गया कि जिस वर्ग के छात्र/छात्राओं को शिक्षण कीट्स मिल रहा है उसके नामांकन में तुलनात्मक अधिक वृध्दि हुयी है ।

5§नामांकन अभियान के दौरान जहाँ भी कार्यशाला आयोजित की जाती है उसमें शिक्षक अभिभावक एवं ग्राम शिक्षा समिति द्वारा यह बात उठायी जाती है कि सभी वर्ग के बच्चों को शिक्षण कीट्स उपलब्ध करवाया जाना चाहिए ।अतः इस कार्य योजना में सभी जाति के लोगों के बच्चों को शिक्षण कीट्स उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

6§विकल्प के तौर पर यदि निधि की उपलब्धता नहीं होती है तो वैसी स्थिति में प्रत्येक विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा से संबंधित शिक्षण कीट्स की कम से कम पाँच-पाँच सेट पुस्तकालय मद में उपलब्ध करवाया जाना चाहिए जिन्हें ग्राम शिक्षा समिति एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय के निर्धनतम एवं मेधावी छात्रों को उपलब्ध करवाया जायेगा जो साल के अंत में विद्यालय पुस्तकालय में जमा कर देंगे ।

तत्काल यह निदेश निर्गत किया गया है कि पिछले वर्ष दी गयी पुस्तकें वापस कर पुस्तक कोष§बुक बैंक§ की स्थापना की जाय जिससे ग्राम शिक्षा समिति शिक्षुओं को मेधा एवं गरीबी के आधार पर वितरित कर सके । इन पुस्तकों को कर आपूर्ति की जाय अथवा जिला स्तर पर बाइन्डिंग हेतु राशि का प्रावधान किया जाय ।

स्कूल ड्रेस

सभी विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की अलग-अलग निर्धारित ड्रेस होनी चाहिए । छात्रों के ड्रेस में खाकी नेकर एवं सफेद कमीज तथा छात्राओं के ड्रेस में नीली स्कर्ट एवं सफेद शर्ट का प्रावधान किया जायेगा । परियोजना से यद्यपि ड्रेस उपलब्ध करवाने का निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन इसकी आवश्कता महसूस की जा रही है । ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से प्रयास किया जायेगा कि सभी विद्यालयों में इस निर्धारित ड्रेस के मुताविक अभिभावक इसे स्वयं करें । अभिभावकों को ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से इस प्रकार अभिप्रेरित किया जायेगा कि स्कूल ड्रेस ही सिलाये । सक्षम अभिभावकों को इसके लिए बाध्य भी किया जा सकेगा ।

पेयजल

विद्यालय में आधार-भूत सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से उन विद्यालयों में जहाँ चापाकल नहीं उसे इसकी व्यवस्था करने की योजना जिले के कुल विद्यालयों में से 200 विद्यालयों में चापाकल नहीं हैं, है। जिसे इस वित्तीय वर्ष में लगवाया जायेगा ।

शौचालय

नामांकन में प्राप्त आँकड़े के अनुसार 505 प्राथमिक विद्यालयों में एवं 150 मध्य विद्यालयों में क्रमशः 40 एवं 60 से ज्यादा छात्रायें नामांकित है इसलिए इन विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था की जायेगी । ऐसे कुल विद्यालयों की संख्या 655 होगी । ऐसा इसलिए किया गया है कि ग्रामों में व्यापक पैमाने पर शौचालय की माँग की जाती है इसलिए इस शर्त के निर्धारण से छात्राओं में नामांकन

में वृध्दि होने की संभावना है एवं अनेक विद्यालयों के बगल में आबादी बस गयी है जिस कारण छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को कठिनाई होती है ।

ब्लैक बोर्ड

सभी चयनित 723 प्राथमिक विद्यालयों को दो-दो पोर्टेबुल ब्लैक बोर्ड उपलब्ध करवाया जायगा ताकि वर्गों की तुलना में कमरों की कम संख्या होने के बावजूद अलग-अलग वर्ग संचालन किया जा सके ।

विद्यालय के परिवेशिय सुधार को आकर्षक बनाने के लिए नामांकन की दृष्टि से चयनित प्रत्येक प्रखंड के सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण करवाया जायेगा, जिसमें लकड़ीवाले एवं फलदार वृक्ष (शीशम, जामुन, आम कटहल आदि) रहे । इनकी घेराबंदी बांस की खपाची से बने घेरे से की जायेगी ।

अतिरिक्त विद्यालयीय कार्य :- विद्यालय में छात्रों में अनुशासन में सुधार लाने हेतु दिनचर्या का कड़ाई से पालन करवाया जायेगा । निर्धारित समय पर विद्यालय के छात्र और शिक्षक एक स्थान पर एकत्रित होकर प्रार्थना में भाग लेंगे और प्रार्थना के उपरान्त प्रतिज्ञा वाचन होगा । नियमित रूप से राष्ट्रगान गाया जायेगा । प्रार्थना के उपरान्त नियमित रूप से शिक्षक छात्र/छात्राओं की सफाई देखेंगे कि वे उपलब्ध सुविधा के पश्चात् स्नान करके आते हैं, नाखून की सफाई करते हैं, कपड़े साफ रखते हैं और नियमित रूप से अपने शरीर की सफाई तथा देखभाल करते हैं ।

अध्यापन व्यवस्था में सुधार :- विद्यालयों में प्रत्येक विषय से संबंधित सिलेबस बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय द्वारा शिक्षकों की गोष्ठी के उपरान्त निर्धारित करके विद्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा जिसमें मासिक उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य निम्न रूप से निर्धारित किया जायेगा-

प्रत्येक विद्यालय को पढ़ाई के घंटों की दिनचर्या बनानी होगी जिससे कि निर्धारित मास का लक्ष्य प्राप्त हो सके । विद्यालय में वर्तमान चल रही परीक्षा व्यवस्था समुचित नहीं है जिसके कारण विद्यार्थियों में विद्यालय में पढ़ने के बाद घर पर पढ़ने की इच्छा नहीं होती है जिसके परिणामस्वरूप शैक्षिक स्तर कमजोर होता है इसलिए चयनित विद्यालयों में ही परीक्षा व्यवस्था सम्पन्न की जायेगी जिसमें सरकारी निदेशों का भी ध्यान रखा जायेगा । इस व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक विषय का कुल पूर्णांक 200 अंक का होगा जिसमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम टेस्ट, द्वितीय टेस्ट, गृह कार्य जाँच तृतीय अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा आयोजित की जायेगी । प्रत्येक छात्र को उत्तीर्ण होने के लिए 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे ।

विद्यालयों में इस बात पर भी जोड़ दिया जायेगा कि नियमित शिक्षक नियमित रूप से बच्चों को गृह कार्य दें और उसकी जाँच की जायेगी । प्रत्येक विषय के लिए अभ्यास पुस्तिका वर्ग-3 से उपर बनायी जायेगी ।

प्रत्येक सप्ताहान्त शनिवार के अपराह्न में अन्ताक्षरी-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवायी जायेगी । प्रत्येक दिन अंतिम घंटी खेलकूद की घंटी के रूप में रखी जाय इस पर भी जोड़ दिया जायेगा ।

मोनिटरिंग एवं ईभेलुयेशन :-

बिहार शिक्षा परियोजना के कार्यकलापों की विद्यालयों में निरीक्षण हेतु परियोजना कार्यालय में निरीक्षण कोषांग की स्थापना है जिसके अनुसार जिले के सभी विद्यालयों को 68 क्षेत्रों में बांटकर सघन निरीक्षण की व्यवस्था की गयी है । इसके लिए निरीक्षण प्रपत्र बना हुआ है । निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा इसे भरकर बिहार शिक्षा परियोजना में भेजा जाता है । इसके निरीक्षणोपरान्त अग्रत्तर कार्रवाई की जाती है ।

निरीक्षण के क्रम में प्राप्त होने वाले प्रतिवेदन को कम्प्युटर के माध्यम से संकलित किया जाता है जिसे शिक्षा स्थापना समिति आदि की बैठकों में उपयोग में लाया जाता है ।

प्रत्येक ग्राम शिक्षा समिति एवं प्रधानाध्यापक को परियोजना के तरफ से पोस्टकार्ड उपलब्ध करवाया ज गया है जिसके माध्यम से परियोजना से सीधे सम्पर्क रखते है। जिनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला स्तर पर निरीक्षण कोषांग में इसका समुचित संधारण एवं समुचित कार्रवाई की जाती है ।

गुरु गोष्टी में जिला के वरीय पदाधिकारियों को भाग लेने हेतु भेजे जाते हैं जिसमें वे प्रत्येक माह में बिहार शिक्षा परियोजना कार्यक्रमों की समीक्षा करते हैं ।

इस प्रकार 68 जोन के निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी विद्यालयों/गाँवों में परियोजना के कार्यों की गतिविधियों की सूचना प्राप्त हो सकेगी । जिला स्तर पर प्राप्त होने वाले इन सूचनाओं के आधार पर यदि कोई सैध्दान्तिक निर्णय लेने की आवश्यकता होगी तो लिया जायेगा एवं अलग-अलग मामलों में प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा सकेगी । इन प्रपत्र को कम्प्युटर में इन्टर करने की व्यवस्था भी की जायगी जिससे मासिक तौर पर समीक्षा संभव हो सके ।

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र,महिला समाख्या अ एवं शिक्षक प्रशिक्षण से संबंधित फीडबैक प्राप्त करने हेतु एक समेकित प्रपत्र बनाया जायेगा, जिसमें ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से सूचना प्राप्त की जायेगी, जिससे इन तीनों कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में आँकड़ों के आधार पर निर्णय लिया जा सके।

प्रत्येक प्रखंड में एक कार्य दल बनाया जायेगा ।

पाठ योजना :-

विद्यालयों में पाठ योजना उपलब्ध नहीं है, जिससे शिक्षकों द्वारा वर्ष में पाठ्यक्रम की योजनाबध्द ध्र तरीके से पाठन करने में कठिनाई होती है इसे बिहार शिक्षा परियोजना शिक्षाविदों से तैयार कर जिला के सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराये जाने की योजना है ।

न्यूनतम अधिगम स्तर :-

जिला के पाँच प्रखंडों यथा रीगा,बाजपट्टी,सोनबरसा,रुन्नीसैदपुर एवं नानपुर के चयनित सौ विद्यालयों में यह कार्यक्रम लागू किया गया है। चयनित सभी विद्यालयों में पूर्व परीक्षण,परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। इन विद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्ष 1994-95 में रीगा प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रम लागू करने का प्रस्ताव है ।

शिक्षा दाता :-

इस जिले में कुल 1237 प्राथमिक विद्यालयों में कुल 5714 पद स्वीकृत जिसमें 5192 शिक्षक कार्यरत है तथा 522 पद रिक्त है।

शिक्षकों की सेवा निवृत्ति होने एवं नयी नियुक्ति नहीं होने के कारण शिक्षकों की संख्या घटती जा रही है । बिहार शिक्षा परियोजना के लागू होने के पश्चात् छात्र/छात्राओं की संख्या में अप्रत्याशित वृध्दि हुई है। छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या में कमी है । इसलिए सेवा निवृत्त शिक्षकों से उन्हीं के गाँव।या निकटतम गाँव के विद्यालयों में इनकी सेवा " शिक्षा दाता " के रूप में लेने का प्रस्ताव है । इसके लिए इन्हें मानदेय भी दिये जाने का प्रस्ताव है। इसे प्रथम चरण में रीगा प्रखंड एवं सोनवरसा प्रखंड में लागू की जायगी ।

बुनियादी विद्यालय :-

इस जिले में कुल 11 बुनियादी विद्यालय है जिसमें शिक्षक कार्यरत है । इन सभी विद्यालयों में कुल मिलाकर 47.35 एकड़ जमीन है । इन विद्यालय का स्वरूप पूर्व में रोजगार पर आधारित था । इन विद्यालयों में पुस्तकीय ज्ञान के अलावे कृषि,काष्ठकला बुनाई आदि हस्तकला का ज्ञान दिया जाता था ।

आज इन विद्यालयों की स्थिति सतत् देखरेख के अभाव में दैयनीय है । इन विद्यालयों में भी वर्ग-1 से 8 तक की पढ़ाई होती है। बिहार शिक्षा परियोजना सीतामढ़ी वर्ष 1994-95 के लिए इन विद्यालयों को विशेष योजनान्तर्गत चयनित करना चाहती है ।

इन विद्यालयों में बिहार शिक्षा परियोजना की गतिविधियाँ लागू करने से यह संभव है कि पूर्व की कल्पना के अनुरूप इस विद्यालयों को विकसित करने में सफलता प्राप्त हो । यह रोजगार पर आधारित व्यवसायिक शिक्षा की प्रथम कड़ी होगी ।

विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम :-

बिहार शिक्षा परियोजना का मुख्य उद्देश्य अभिवंचितों में जागरूकता पैदा कर इतनी चेतना पैदा करना है ताकि वे अपने परिचितों को प्राथमिक शिक्षा दिला सकें ।

अभिवंचितों की जितनी समस्यायें हैं उन सभी का निदान तो बिहार शिक्षा परियोजना व्दारा सम्भव नहीं है किन्तु उनके स्वास्थ्य की देखभाल उपलब्ध संसाधनों के आधार पर यथा सामंजस्य स्थापित कराया जा सकता है ।

वातावरण निर्माण हेतु जितनी विधियों का प्रयोग जिला स्तर पर किये जाते हैं उनमें यह महसूस किया गया है कि यदि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो जाय तो अभिवंचितों को बिहार शिक्षा परियोजना के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

1994-95 में इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य कार्यक्रम भ शुरू करने की योजना है । इस योजना के तहत एक कार्यशाला जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारी की हुई है । चिकित्सा पदाधिकारियों व्दारा अनुकूल सहयोग प्राप्त होने की संभावना बढ़ गई है ।

1994-95 में जिले के पाँच प्रखंडों रीगा,वथनाहा,सोनवरसा,परिहार, एवं डुमरा में यह कार्यक्रम शुरू करने की योजना है ।

स्थानीय स्तर पर चिकित्सा पदाधिकारी,चिकित्सा कर्मी कम से कम पाँच ग्रामों का चयन करें ।

इन ग्रामों के बच्चे व बच्चियों के स्वास्थ्य की जाँच करायी जायगी । प्रथमतया स्वास्थ्य रक्षा हेतु आवश्यक सुविधा प्राप्त कराने के प्रयास किये जायेंगे ।

विशेष परिस्थिति में विद्यार्थी शिक्षा परियोजना द्वारा भी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने पर गहन विचार विमर्श के बाद निर्णय लिए जायेंगे ।

देशी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से भी बच्चे बच्चियों के बाल रोग का ईलाज कराने की योजना यथा आयुर्वेद, होमियोपैथ के चिकित्सक जो निः स्वार्थ भाव से कार्य करने को तैयार होंगे उनसे सेवायें ली जायेंगी ।

इसके लिए कार्यशाला आयोजित कर योजना बनाने एवं उन्हें मूर्त्त रूप देने का प्रस्ताव है ।

यदि अनुकूल वातावरण का निर्माण सम्भव हो सका तो प्रगति की समीक्षा कर इसे वर्ष 1995-96 एवं 96-97 तक जिले के शेष अन्य प्रखंडों में भी शुरू कर दिए जायेंगे ।

==========

<--- GRAPH NO.- 4 --->

COMPARATIVE DROP-OUT POSITION



IMPACT OF SCH. BUILD. (GRAPH NO.-5)
ON STUDENT ENROLMENT



(GRAPH NO.- 1)

NET ENROLMENT RATIO



COMP. STAT. OF TOTAL (GRAPH NO.- 2)

ENROLLED STUDENTS AS ON 31-3



COMP. STAT. OF "SC" (GRAPH NO.-3)

ENROLLED STUDENTS AS ON 31-3



कार्य की प्रक्रिया

बिहार शिक्षा परियोजना सीतामढ़ी में संख्यात्मक उपलब्धि की जगह अपनाये जाने वाले कार्यों की प्रक्रिया पर विशेष बल दिया गया है। हम कह सकते हैं कि बिहार शिक्षा परियोजना एक प्रक्रिया आधारित परियोजना है। इस जिला में जो प्रक्रिया अपनायी गई उनमें निम्नलिखित प्रमुख है :-

1. विद्यालय का चयन

वर्ष 1993-94 तक 640 विद्यालयों को चयनित कर उसमें आवश्यक सुविधा एवं बिहार शिक्षा परियोजना की गतिविधियों को लागू करना था। पूर्व में चयनित सभी प्राथमिक विद्यालय जो भवन युक्त तथा ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजनान्तर्गत चयनित नहीं है उन सभी प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व के विद्यालयों के आस-पास के सभी भवनयुक्त विद्यालयों(ओ की विद्यालय छोड़कर) वर्ष 1993-94 में चयनित किया गया है । उन सभी मध्य विद्यालयों एवं प्राथमिक विद्यालयों को भी 640 विद्यालयों की सूची में स्थान दिया गया है जिनमें बिहार शिक्षा परियोजना से विद्यालय भवन का निर्माण एवं मरम्मति कार्य कराया गया है ।

2. शिक्षण कीट्स वितरण प्रक्रिया

प्रखंड विकास पदाधिकारी व्दारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण बिहार शिक्षा परियोजना से शिक्षण कीट्स प्राप्त कर वितरण केन्द्र पर पहुँचाया । वितरण केन्द्र से विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि संयुक्त रूप में इसे प्राप्त किए विद्यालय में ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में सभी जाति के छात्राओं एवं अनु0जाति के छात्रों के बीच निर्धारित संख्या वितरण किया गया ।

इससे पूर्व 15 जनवरी94 तक की छात्र संख्या प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से विद्यालयवार प्राप्त की गई थी । प्रत्येक प्रखंड में 4-5 विद्यालयों के मध्य में ही वितरण केन्द्र बनाये गये थे ।

ग्राम शिक्षा समति के गठन की प्रक्रिया

बिहार शिक्षा परियोजना सीतामढ़ी मुख्यालय में इस जिले के बुध्दजीवियों, समाजसेवियों,महाविद्यालयों की छात्राओं का एक दल बनाया गया तथा इस दल को छोटे-छोटे समूह में विभाक्त कर जिले के वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में ग्रामों में भेजा गया जहाँ की ग्राम सभा में सक्रिय सदस्यों की पहचान कर ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया ।

विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया

जिन-जिन विद्यालयों की शिक्षा समिति एवं ग्रामीणों ने 20% की भागी दारी नगद,सामग्री एवं श्रम के रूप में जमा करने में सफल रहें वहाँ के विद्यालयों में भवन निर्माण एवं मरम्मति की स्वीकृति दी गई ।

अभिकर्त्ता का चयन दाता समूह एवं ग्राम शिक्षा समिति में आम सहमति के आधार पर किया। भवन निर्माण कार्य के सुलभ पर्यवेक्षण हेतु ग्राम शिक्षा समिति को प्राक्कलन हिन्दी भाषा में टंकित कर उपलब्ध कराया गया था जिसमें भवन निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों एवं विधि का सरल भाषा में वर्णन किया गया है ।

साथ ही जिला स्तर से भी वरीय पदाधिकारियों को भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु भेजा गया । परिणामस्वरूप प्रायः भवन समय सीमा के अन्दर पूर्ण हुए तथा उच्चकोटि का निर्माण सम्भव हो सका ।

वर्ष 1994-95 की कार्य योजना की झलक

1. 723 प्राथमिक विद्यालयों का फोकस विद्यालय के रूप में चयन ।

2. 723 ग्राम शिक्षा समितियों का सुदृढ़ीकरण एवं प्रशिक्षण ।

3. "शिक्षा दाता" योजना ।

4. सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों सम्मानित किया जाना ।

5. विद्यालयहीन अभिबंचितों की बस्तियों की पहचान कर जिले की वर्त्तमान इकाई से ही नये विद्यालयों की स्थापना ।

6. विश्लेषण कर अनुपयोगी विद्यालयों को बन्द करना ।

7. रीगा प्रखंड में 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना ।

8. स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार छुटटी अवधि परिवर्त्तन ।

9. युनिफार्म पाठ्यक्रम ।

10. प्रयोग के तौर पर पारी पद्धति लागू करना ।

11. 150 भवनहीन विद्यालयों का निर्माण एवं 100 की मरम्मति ।

12. 244 - विद्यालयों में शौचालय की स्थापना ।

13. 250 - नया चापाकल की स्थापना ।

14. प्राथमिक विद्यालयों के सभी बच्चे / बच्चियों को कीटस का वितरण ।

15. बेसिक विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण ।

अनुसूची

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत अवस्थित राजकीय बुनियादी विद्यालयों की सूची

क्रमांक	विद्यालय का नाम	प्रखंड	स्वीकृत पद	कार्यरत	भूमि	भवन की स्थिति
1	2	3	4	5	6	7
1-	राजकीय बुनियादी वि0 शिवहर शिवहर		10	7	0.50डी0	दयनीय
2-	रा0बुनियादी वि0रसलपुर,डुमरा		11	9	4.62"	दयनीय
3-	रा0बु0वि0,जानीपुर,नानपुर		11	9	7.60"	दयनीय,बिहार शिक्षा परि0 से चार कमरों का निर्माण हुआ
4-	रा0बु0बि0,डुमरा,डुमरा		10	10	अभ्यासशाला	
5-	रा0बु0वि0,भटो नया पताही,बेलसंड		11	5	4.31"	दयनीय
6-	रा0बु0वि0, रामौपुर बखरी,डुमरा		11	8	7.51"	दयनीय
7-	रा0 बु0 वि0,गौरा,नानपुर		11	6	6.66"	दयनीय
8-	रा0बु0वि0,मोरसंड,रून्नीसैदपुर		10	10	.48 "	दयनीय
9-	रा0बु0वि0मौंची भंडारी,बेलसन्ड		11	5	4.77"	मरम्मति की आवश्यकता
10-	रा0बु0वि0पकड़ी,डुमरा		11	8	5.90	दयनीय
11-	रा0बु0 वि0बिसाही,शिवहर		11	5	5.00	दयनीय
			118	82	47.31	

प्रशिक्षण
कार्य योजना वर्ष 1994-95

पृष्ट भूमि:- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार शिक्षक प्रशिक्षण की परम्परागत व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्त्तन का देश के शैक्षिक पुनर्निर्माण की व्यूहरचना में सर्वोपरि महत्व देना ।

उद्देश्य:- 1-शिक्षकों में अपने कर्त्तव्य के प्रति वाँछित अभिवृत्यात्मक परिवर्त्तन हो और उन्हें अध्ययन-अध्यापन की नवीनतम प्रवृत्तियों के अनुकूल कार्य करने का समुचित प्रशिक्षण प्राप्त हो, जिससे शिक्षा में गुणवत्ता आयगी ।

2-शिक्षकों की कार्य कुशलता बेहतर हो ।

3-प्रशिक्षण व्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण महलुओं का समय-समय पर मूल्यांकन करना तथा उसके आधार पर सुधार की प्रक्रिया को प्रखर बनाना ।

4-शिक्षकों की अपनेी शैक्षिक योग्यता के विकास को सर्वोपरि प्राथमिकता देना ।

5-शिक्षकों को शिक्षण कौशल के विकास की तरफ ध्यान देना ताकि वे बाल केन्द्रित शिक्षण व्यवस्था बनाकर स्थानीय साधनों का उपयोग करते हुए शिक्षण को बच्चों के लिए रूचिकर एवं आनन्ददायक बन सके ।

6-सतत एवं व्यापक मूल्यांकन विधि का प्रयोग तथा एम0एल0एल0 की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्षमता प्राप्त कराना ।

प्रगति:-

	92-93	93-94	94-95
1-निरीक्षी पदाधिकारियों का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण चर्या	-	20	-
2-मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का पाँच दिवसीय उन्मुखीकरण चर्या	-	94	130
3-सहायक शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण चर्या	420	584	73
4-सहायक शिक्षकों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण चर्या	-	402	-
5-राज्य के बाहर प्रशिक्षण संस्थान में (उड़ीसा ग्रेड) सात दिवसीय प्रशिक्षण	-	-	19

कार्य योजना:-

1-वर्ष 1997 तक जिले के शत् प्रतिशत शिक्षक-शिक्षिकाओं को 10 दिवसीय एवं 11 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान करना ।

2-वर्ष 1994-95 में जिले के चयनित 640 विद्यालयों के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को 10 दिवसीय एवं 11 दिवसीय प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है, जिसमें एम0एल0 एल0 के अन्तर्गत चयनित विद्यालय भी शामिल हैं ।

3-जिले के चयनित 640 विद्यालयों में 110 मध्य विद्यालय एवं 530 प्राथमिक विद्यालय हैं । इन विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की अनुमानित संख्या 110 एवं सहायक शिक्षकों की अनुमानित संख्या 2000 है ।

इसमें वर्त्तमान सत्र 1993-94 के अंत तक कुल 1000 शिक्षकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण 420 शिक्षकों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण एवं 100 प्रधानाध्यापकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण का निर्धारित लक्ष्य पूरा हो जायगा ।

इस प्रकार सत्र 1994-95 में 1000 शिक्षकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण तथा 1580 शिक्षकों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने का लक्ष्य है ।

4- जिले में कुल 309 मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में से 109 प्रधानाध्यापकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्य (विद्यालय प्रबंधन से संबंधित) वर्त्तमान सत्र में ही संपन्न हो जायगा । शेष 200 प्रधानाध्यापकों को सत्र 1994-95 में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है ।

५-चूंकि वित्तीय वर्ष १९९३-९४ में शिक्षकों के १०दिवसीय तथा दोदिवसीय एवं प्रधानाध्यापकों के ५ दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागी शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों की कुल संख्या-२०९ होगी।

वर्तमान प्रशिक्षण केन्द्र, दुनरा में दो समूहों (ग्रुप ए एवं ग्रुप बी) में प्रशिक्षण कार्य चलता है। प्रत्येक समूह में औसतन ३५ प्रतिभागी शिक्षक भाग लेते हैं। इस प्रकार १६ पाली में ३५ X २ = ७० शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा सकता है। पूरे सत्र ९४-९५ में इस केन्द्र पर अधिक से अधिक १६८० प्रतिभागियों को १०दिवसीय एवं ११दिवसीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक उप केन्द्र की आवश्यकता होगी।

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शिक्कर में १६० शिक्षकों का १०दिवसीय एवं ७४० शिक्षकों का ११ दिवसीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा जहां शेष शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी तथा दुगरा मुख्यालय में आवासीय/गैर सुविधा अनुसार भी वहां लक्ष्य की प्राप्ति की व्यवस्था की जायेगी।

वर्ष १९९२ में चयनित एवं प्रशिक्षित ८ जिला स्तरीय साधनसेवी कार्यरत हैं। इस प्रकार अतिरिक्त साधनसेवियों की आवश्यकता होगी।

२-त्रिदिवसीय विशेष प्रशिक्षण :-

१-प्रखंड स्तर पर भाषा, गणित एवं पर्यावरण विषयक तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ग के द्वारा न्यूनतम अधिगम स्तरों की प्राप्ति के लिए जिन दक्षताओं की आवश्यकता है उसके बारे में आवश्यक क्षमता है उसके बारे में आवश्यक क्षमता शिक्षकों को प्रदान किया जायेगा।

२-शिक्षक संघ के पदाधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, गणमान्य व्यक्तियों, शैक्षिक संस्थाओं के सहयोग से गणित, भाषा एवं पर्यावरण विषय के अच्छे शिक्षकों की सूची तैयार की जायेगी। इन शिक्षकों की योग्यता एवं क्षमता को परख कर उन्हें प्रशिक्षित कराया जायेगा और इनका उपयोग प्रखंड स्तरीय ३-दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों में साधनसेवी के रूप में किया जायेगा। इस प्रकार की प्रत्येक वर्ग में एक जिला स्तरीय साधनसेवी वर्ग निदेशक का कार्य करेंगे।

पत्रिका :-

३- प्रशिक्षण केन्द्र से एक शैक्षिक पत्रिका (मासिक/द्वैमासिक/अर्द्धवार्षिक) प्रकाशित करने का लक्ष्य है। पत्रिका प्रकाशन का उद्देश्य निम्न है:-

१-शिक्षकों को शैक्षिक गतिविधियों की अद्यतन जानकारी प्राप्त कराया जायेगा।

२-शिक्षकों की विषयगत समस्याओं का निराकरण।

३-शिक्षकों से बराबर सम्पर्क स्थापित करना।

४-सृजनात्मक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना।

५-परियोजना की उपलब्धियों/संदेशों/नियमों/परिपत्रों को अवगत कराना

६-नवाचार का प्रयोग।

७-छात्रों में ड्राइंग, पेंटिंग, कविता, विज्ञान, गीत, निबंध, लघु नाटक, शैक्षिक उपकरण बनाने आदि के प्रति रुझान उत्पन्न करना तथा सर्वोत्तम कृति को पुरस्कृत करना।

८-शैक्षिक वातावरण का निर्माण।

९-विभिन्न कम्पोनेन्ट्स के बीच तालमेल (समन्वय) स्थापित करना।

१०-समय-समय पर शैक्षिक दृष्टि से उपयोगी "फार्मेट" आदि की

जानकारी देना।

५४-शिक्षकों द्वारा विशेष अच्छे किए गए कार्य के बारे में रिपोर्ट एवं समालोचना आदि-आदि।

<u>फॉलो-अप कार्यक्रम</u> :-

५५-प्रशिक्षणोपरान्त शिक्षकों के मनोवृत्ति में अपेक्षित बदलाव आया है या नहीं। शिक्षण कार्य में सुधार आया या नहीं, समाज से उनका जुड़ाव हुआ या नहीं। यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं, इसका पता करने एवं बाधाओं को दूर करने के लिए डायट के मानव संसाधनों एवं कुछ सन्दर्भसेवियों की टीम बनाकर समय-समय पर विद्यालयों में भेजा जायेगा ताकि परियोजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

शिक्षकों के व्यावहारिक परिवर्तन को मापने हेतु -

५-अनुभव से जानकारी २-एनरोलमेंट/ठहराव के संबंधों से जानकारी ३-छात्रों से जानकारी ४-निरीक्षी पदाधिकारियों से प्राप्त जानकारी जिला स्तर पर मॉडल विद्यालयों/पदाधिकारियों/शिक्षकों का दल भेजकर प्राप्त जानकारी/सैम्पल sample से प्राप्त जानकारी लेने के साथ छात्रों के परीक्षा फल को आधार माना जायेगा।

<u>कार्यशाला</u>

५७- वर्ष ९४-९५ के दौरान जिला स्तर पर दो एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षण की समीक्षा की जायेगी। त्रुटियों को दूर करने के उपाय ढूंढे जायेंगे ताकि आगामी वर्षों में सुधार हो सके। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण से जुड़े सभी सन्दर्भसेवी, वर्ग प्रभारी के अलावे सभी कम्पोनेन्ट के प्रभारी जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्य, जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं अध्यक्ष भाग लेंगे।

५८-वर्ष के दौरान जिला स्तर पर कम से कम एक बार दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जायेगी जिसमें राज्य एवं देश स्तर के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद्, प्रशैक्षणिक संस्थाओं से संबंधित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जायेगा ताकि जिला स्तरीय सन्दर्भसेवियों के साथ उनके विचारों एवं अनुभवों का आदान-प्रदान हो सके। इस प्रकार के कार्यशालाओं से न केवल अनुभूत कठिनाईयों के निराकरण पर चर्चाएँ होंगी और रास्ते भी पता चलेंगे। देश के अन्य भागों में होनेवाले प्रयोगों एवं अनुभवों से भी परियोजना को लाभ मिलेगा।

<u>गुरु गोष्ठी</u> -

पाठ्यवस्तु, शिक्षण कौशल आदि से संबंधित शिक्षकों द्वारा अनुभूत कठिनाईयों की जानकारी एवं उसके समाधान हेतु प्रखंड स्तरीय "गुरु गोष्ठी" में एक-दो सन्दर्भसेवियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।

<u>सन्दर्भसेवियों का कौशल विकास</u>

जिला स्तरीय सन्दर्भसेवियों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर के ख्यातिप्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक भ्रमण पर भेजना सुनिश्चित किया जायेगा ताकि नवीनतम शिक्षण तकनीकों तथा वहाँ के विभिन्न प्रयोगों से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर उसे प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षकों तक सम्प्रेषित कर सकें जिससे प्रशिक्षण में गुणवत्ता आयेगी।

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान एवं उपकेन्द्र :-

18- 1-प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रत्येक विषय समूह से संबंधित दो-दो सेट में शिक्षण किट्स उपलब्ध कराने का लक्ष्य है जिससे शिक्षकों को प्रशिक्षण को सुगम, प्रभावशाली एवं आकर्षक बनाया जा सके साथ ही विद्यालयों में कोर्टिंग की आपूर्ति किये जाने पर शिक्षक उसका समुचित उपयोग कर सकेंगे ।

2-प्रशिक्षण केन्द्र पर श्रव्य दृश्य सामग्री (टी०भी०सेट रेडियो, भीडीयो कैसेट आदि) उपलब्ध कराया जायेगा ।

3-प्रशिक्षण केन्द्र का [illegible] निर्माण, पेयजल की समुचित व्यवस्था, महिला स्नानागार, प्रतिभागियों एवं साधनसेवियों के लिए सुव्यवस्थित आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना लक्ष्य है ।

19-इसके अतिरिक्त वे सभी गतिविधियों/क्रियाशीलन जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं बिहार शिक्षा परियोजना के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक है दृढ़तापूर्वक आयोजित की जायेगी ।

20-कम कीमत पर साधनसेवियों की मार्गदर्शक (देखरेख) में प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा 11-दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान अल्पव्ययी शिक्षण उपादान का निर्माण कराने और उसका लाभ विद्यालयों तक पहुंचाने का लक्ष्य है ।

21-प्रशिक्षण केन्द्र पर एक पुस्तकालय-सह-अध्ययन कक्ष की व्यवस्था की जायेगी । पुस्तकालय में शिक्षोपयोगी [illegible] पुस्तकों को संग्रहित किया जायेगा तथा दैनिक समाचार पत्र एवं शैक्षिक पत्र पत्रिका की नियमित व्यवस्था ।

क-जिला स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण -

डायट के अंतर्गत "लोक परिसर" निर्धारित करने का लक्ष्य है । इसके अंतर्गत निकटवर्ती एवं आवागमन की सुविधा के दृष्टिकोण से निकटवर्ती शैक्षिक पिछड़े क्षेत्रों का चयन किया जायेगा । अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र का चयन कर नामांकन, स्थिरीकरण, बच्चों की नियमित उपस्थिति की जांच की [illegible] तथा तुलनात्मक अध्ययन किया जायेगा जिससे परियोजना के इन्टरवेन्शन, लोक भागीदारी आदि का मूल्यांकन किया जा सके । साथ ही आगामी रणनीति तैयार की जा सके ।

	I अप्रैल से जून	II जुलाई-सित०	III अक्टू०-दि०	IV जन०	कुल
10दिवसीय -	५२०	५५०	४८०	४५०	२०००
11दिवसीय-	६००	६००	५००	७८०	२५८०

उपकेन्द्र की स्थापना-

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) द्वारा वित्तीय वर्ष 1994-95 में अधिकतम 1680 प्रतिभागियों को 10 दिवसीय एवं 11 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा सकता है । अतएव निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उपकेन्द्र की स्थापना की जा जायेगी ताकि 25 [illegible] पदाधिकारियों, [illegible] को प्रशिक्षण को समुचित [illegible] की [illegible] सके । [illegible] उपकेन्द्र के द्वारा 440 शिक्षकों को 10दिवसीय [illegible] शिक्षकों को 11दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा सकेगा ।

प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण (प्रत्येक प्रखंड में)

	I	II	III	IV
२ दिवसीय	२	२	२	२

जिला स्तरीय कार्यशाला (एक दिवसीय)

I - माह अप्रैल १९९४ में।

II - माह दिसम्बर १९९४ में।

जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला (दो दिन)

I - माह जून १९९४ में।

साधनसेवियों का शैक्षिक भ्रमण (कौशल विकास हेतु)

I - राज्य स्तरीय - रांची एवं जमशेदपुर डायट में - शैक्षिक संस्थान में

II - राष्ट्रीय संस्थान में - एन०सी०ई०आर०टी० दिल्ली आदि

फॉलो अप कार्यक्रम

प्रत्येक दो चर्याओं के बीच में

२०० प्रधानाध्यापकों का प्रथम तिमाही में ५ दिवसीय प्रशिक्षण एवं २५ निरीक्षी पदाधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण द्वितीय तिमाही में दिया जायेगा।

ग्राम शिक्षा समिति का प्रशिक्षण -

वर्ष १९९४-९५ में इस जिले में ग्राम शिक्षा समितियों की संख्या-	७२६
अध्यक्ष एवं अभिप्रेरक -	१४४६
अन्य सदस्यों की संख्या-	९९९९
कुल सदस्यों की संख्या -	१०,८४५

अध्यक्ष एवं अभिप्रेरकों का आवासीय प्रशिक्षण प्रखंड स्तर पर दो दिवसीय होगा। इस प्रकार सभी प्रखंडों को मिलाकर

कुल चर्या - १८

प्रत्येक चर्या में ८० से ९० सदस्य होंगे तथा दो खंडों में विभक्त कर प्रशिक्षण कार्य होगा।

सामान्य सदस्यों का प्रशिक्षण एक दिवसीय आवासीय होगा।

५-६ ग्राम शिक्षा समितियों पर एक चर्या होगी

इस प्रकार कुल चर्या - ११७

प्रत्येक चर्या में ७५-८० सदस्य होंगे तथा ४ दो खंडों में विभक्त कर प्रशिक्षण कार्य होगा।

इनके प्रशिक्षण एवं साधनसेवी -

पटना की कार्यशाला में प्रशिक्षित साधनसेवी - २

जिला स्तर पर प्रशिक्षित कोर टीम के सदस्य- ८

चूंकि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे वर्ष जारी रहेगा। अतः इसी शीर्ष से आवंटित राशि से स्थानीय स्तर पर सामंजस्य स्थापित कर पूर्व की भांति प्रशिक्षण कार्यक्रम चलता रहेगा।

-:६:-

अनौपचारिक शिक्षा :-

वर्ष १९९७-९४ में ४२० अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेंगे । इनके संचालन का प्रशिक्षण कार्यक्रम अनौपचारिक शिक्षा की कार्य योजना के अनुरूप तिमाही से विभक्त कर आयोजित किये जायेंगे ।

जिला स्तर पर ५ की परिनि का चयन किया गया है जिन्हें प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जायेगा ।

अनुदेशकों का प्रशिक्षण ५७ बैच में किया जायेगा । इसमें प्रत्येक बैच में ३०प्रतिभागी होंगे । प्रथम चरण १२ दिवसीय, द्वितीय चरण ५० दिवसीय एवं, तृतीय चरण ८ दिवसीय प्रशिक्षण होगा ।

अनौपचारिक शिक्षा

उपलब्धि

§1§ वर्ष 1993-94 में निदेशालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य 80 केन्द्र
§2§ कार्यरत केन्द्र 76 बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा 30"रीड" द्वारा
§3§ कार्य क्षेत्र :- रीगा एवं मेजरगंज प्रखंड
§4§ आच्छादित गाँव - 36
§5§ नामांकित बच्चे बच्चियों :-

बिहार शिक्षा परियोजना: द्वारा संचालित केन्द्र

छात्र	सामान्य	अनुसूचित जाति	कुल
1	2	3	4
बालक	415	400	815
बालिका	591	494	1085
कुल	1,006	894	1,900

"रीड" स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित केन्द्र

छात्र	सामान्य	अनुसूचित जाति	कुल
1	2	3	4
बालक	175	258	433
बालिका	125	192	317
कुल	300	450	750

व्यूह रचना तथा कार्य प्रणाली :-

गाँव की पहचान,सूक्ष्मायोजन एवं शाला मानचित्रण के आधार पर बाल पंजी के अनुसार 6-14 आयुवर्ग के अनामांकित प्रत्येक 25 बच्चों पर एक केन्द्र

2-परिवार का शिक्षा सर्वेक्षण:- ग्राम वार,वर्गवार,जनसंख्या साक्षरता,साक्षरता का प्रतिशत के लिए सर्वेक्षण

3-शाला मानचित्रण:- गाँव में टोलों की संख्या,टोलावार एवं वर्गवार जन संख्या 6-14 आयुवर्ग के अनामांकित बच्चों की संख्या गाँव में विद्यालय की संख्या टोला से टोला की दूरी और विद्यालय से विद्यालय की दूरी ज्ञात करना ।



वर्ष 93-94 में कार्यरत अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र -
पंचायत वार - केन्द्र सं -

LIBRARY & DOCUMENTATION CEN
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No..... D-9066
Date..... 12-03-96

4-अनुदेशक का पहचान :-9-14 आयुवर्ग के प्रत्येक 25 अनामांकित अनामांकित कामकाजी बच्चों के लिए ग्राम शिक्षा समिति की बैठक के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र हेतु अनुदेशक के लिए तीन व्यक्तियों का प्रस्ताव जिला कार्यदल को भेजी जायगी । तत्पश्चात् ग्राम शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित व्यक्तियों में प्रत्येक केन्द्र के लिए एक अनुदेशक की अन्तिम पहचार जिला समिति द्वारा किया जायगा ।

शर्तें:- अनुदेशक लाभार्थी वर्ग का तथा केन्द्र स्थल जहाँ का लाभार्थी है, वहीं का हो ।

2-केन्द्र स्थल विद्यालय के आस पास न हो ।

अनुदेशक का प्रशिक्षण:-

अनौपचारिक शिक्षाके अनुदेशकों का 30 दिवसीय प्रशिक्षण विभिन्न तीन चरणों में दिया जायगा ।

प्रथम चरण 12 दिवसीय
द्वितीय चरण 10 दिवसीय
तृतीय चरण 8 दिवसीय

प्रत्येक प्रशिक्षण चर्या में 30 अनुदेशक प्रतिभागी होंगे । यह प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय होगा ।

ग्राम शिक्षा समिति की भूमिका:-

अनौपचारिक शिक्षा में ग्राम शिक्षा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है ।

1-गाँव का चयन
2-सर्वेक्षण
3-अनुदेशक का चयन
4-पर्यवेक्षण/अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
5-रिपोर्टिंग
6-मानदेय का भुगतान
7-केन्द्र स्थल का चयन/समय का निर्धारण
8-अभिभावकों में शिक्षा प्रति रूचि पैदा करना
9-नामांकन में अनुदेशकों को सहयोग करना
10-बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं न्यूनतम अधिगम की स्तर की सम्प्राप्ति /उपलब्धि को सुनिश्चित करना ।

पर्यवेक्षक का चयन:-

अनौपचारिक शिक्षा के नियमित पर्यवेक्षण/मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु प्रत्येक 20 केन्द्र पर एक पर्यवेक्षक होगा । पर्यवेक्षक जहाँ केन्द्र चलता है उसी के बीच का होगा।

प्रशिक्षण:- 17 दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में होगा ।

प्रथम चरण 12 दिवसीय प्रशिक्षण
द्वितीय चरण 5 दिवसीय प्रशिक्षण
यह प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय होगा ।

परियोजना अधिकारी :- प्रत्येक 100 केन्द्र पर एक परियोजना अधिकारी का चयन किया जायगा जिनका प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय होगा ।

मास्टर ट्रेनर का चयन:-

अनुदेशकों के प्रशिक्षण को सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने हेतु जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर का चयन एवं प्रशिक्षण किया जाना है ।

प्रशिक्षण स्थल:-

डी०आर०यू० का निर्माण एवं प्रशिक्षण सामग्री विकसित किया जायगा ।

अनुश्रवण एव मूल्यांकन:-
=================

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम की सफलता के लिए समय समय पर मूल्यांकन एवं अनुश्रवण आवश्यक है । बिहार शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत अनौपचारिक शिक्षा के मूल्यांकन को एक अन्तर्निहित पद्धति स्थापित किया गया है:- मूल्यांकन दो प्रकार से किया जायगा ।

1-शैक्षिक मूल्यांकन:-
इसके अन्तर्गत बच्चों के शिक्षा के स्तर के गुणात्मक स्तर का का मूल्यांकन किया जाता है ।

2-भौतिक मूल्यांकन :-
इसके अन्तर्गत केन्द्र संचालन सम्बन्धी समस्या/शिक्षण सामग्री छात्रों की संख्या केन्द्र की नियमितता तथा लोक भागीदारी का मूल्यांकन किया जाता है ।

मूल्यांकन अविधि:-

सतत मूल्यांकन के प्रत्येक दिन का विषयवार दक्षता का मूल्यांकन

1-2- ईकाई मूल्यांकन इसके अन्तर्गत प्रत्येक बच्चों का योग्यता के आ आधार पर अलग अलग मूल्यांकन किया जाता है ।

1-3 सप्ताहित मूल्यांकन

1-4 मासिक मूल्यांकन

1-5 आवधिक मूल्यांकन§सेमेस्टर वार§

1-6 सत्रांत मूल्यांकन

निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा मूल्यांकन किया जायगा:-

§1§ पर्यवेक्षक :- प्रत्येक 20 केन्द्र पर एक पर्यवेक्षक होंगे जो नियमित रूप से केन्द्रों का पर्यवेक्षण करेंगे तथा बच्चों के शैक्षिक मूल्यांकन एवं केन्द्र का भौतिक मूल्यांकन कर परियोजना अधिकारी को सूचित करेंगे ।

मास्टर ट्रेनर§की पर्सन§:-

चूँकि अनुदेशकों का मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है । इसलिए बच्चों के शैक्षिक स्तर न्यूनतम अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति सम्बन्धित मूल्यांकन की पर्सन,मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जायगा ।

परियोजना अधिकारी द्वारा भी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों का पर्यवेक्षण किया जायगा । एवं पर्यवेक्षण सम्बन्धी सूचना जिला अनौपचारिक शिक्षा प्रभारी को देंगे ।

अन्त में कार्यक्रमों-परान्त क्षेत्र पर क्या-क्या प्रभाव पड़ा इसका अनुश्रवण भी किया जायगा ।

दो वर्षों के बाद पाँचवीं स्तर की जानकारी प्राप्त करने के बाद अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र से बच्चों को प्रमाण पत्र देकर मध्य विद्यालय में नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया जायगा ।

[illegible] 1994-95 :-

[illegible] :-

वर्ष 1993-94 के अनुभव के आधार पर 1994-95 के लिए 720 अतिरिक्त केन्द्र [illegible] विभिन्न चरणों में खोला जायगा ।

प्रथम चरण :-

कार्यक्षेत्र.- रीगा प्रखंड - केन्द्र संख्या 230

औचित्य.- चूँकि 1993-94 में 70 केन्द्र कार्यरत है ।

2- 1994-95 में रीगा प्रखंड को शत प्रतिशत साक्षर [illegible] के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

3- [illegible] शिक्षा परियोजना के सभी गतिविधियों को चलाया जायगा ।

4- 31.3.94 तक ग्राम पंजी के आधार पर 6-14 वर्ष के बच्चों की संख्या निम्न प्रपत्र में दर्शाया गया है:-

ग्राम पंजी के आधार पर :-

छात्र	सामान्य	अनु० जाति	अल्प संख्यक	योग
बालक	12,772	03127	1956	17855
बालिका	7,897	1665	1266	10828
कुल	20,669	4792	3222	28,683

नामांकित :-

छात्र	सामान्य	अनु० जाति	अल्प संख्यक	योग
बालक	9735	2813	1158	13706
बालिका	5460	1407	587	7454
कुल	15,195	4,220	1,745	21,160

अनामांकित :-

छात्र	सामान्य	अनु० जाति	अल्प संख्यक	योग
बालक	3037	314	798	4149
बालिका	2437	258	679	3374
योग	5474	572	1477	7523

द्वितीय चरण :-

मेजरगंज प्रखंड में 100 केन्द्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

औचित्य :- चूँकि मेजरगंज प्रखंड रीगा से सटा हुआ प्रखण्ड है तथा वर्ष 1993-94 में 30 केन्द्र "[illegible]" स्वयंसेवी संस्था द्वारा चलाया जा रहा है अतएव प्रखंड [illegible] माँग के आवश्यकतानुसार केन्द्र खोलकर सम्पूर्ण मेजरगंज प्रखंड को आच्छादित करना ।

[illegible] से प्रभावित है । [illegible] वातावरण हीन है ।

तृतीय चरण :-

[illegible] 190 केन्द्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

औचित्य :- [illegible] वातावरण [illegible] प्रखंड से पूर्ण [illegible] है ।

चतुर्थ चरण :- [illegible] प्रखंड 120 केन्द्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है

औचित्य :-

1994-95 कार्य योजना की मुख्य बिन्दु

1. कार्य क्षेत्र का चयन – सीमा डेवरगंज, सोनबरसा, धनाहा
2. ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष/सचिव के साथ कार्यशाला
3. चयनित क्षेत्र में शिक्षा सर्वेक्षण
4. अनुदेशक का चयन
5. अनुदेशक का प्रशिक्षण
6. पर्यवेक्षक का चयन/प्रशिक्षण
7. परियोजना अधिकारी का चयन/प्रशिक्षण
8. मास्टर ट्रेनर का चयन-/प्रशिक्षण
9. केन्द्र पर शिक्षण सामग्री की आपूर्ति
10. स्थानीय स्तर पर शिक्षण सामग्री विकसित करने हेतु विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला
11. एन०सी०ई०आर०टी०/एस०सी०ई०आर०टी० के विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला
12. केन्द्र का मूल्यांकन– (1) शैक्षिक मूल्यांकन
    (2) भौतिक मूल्यांकन
13. प्रशिक्षण स्थल का निर्माण
14. अनौपचारिक शिक्षा पर आधारित बुकलेट तैयार करना

कार्यक्रम 1994-95



वार्षिक कार्य योजना वर्ष 94-95

महिला समाख्या,सीतामढ़ी ।

भूमिका

बिहार शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत,सीतामढ़ी जिले में 1.4.92 को महिला समाख्या कार्यक्रम आरंभ हुआ । आरम्भिक दौर में सीतामढ़ी जिले के सभी प्रखंडों के 10-10 गाँवों को लेकर शुरू हुआ,परन्तु वर्तमान में 12 प्रखंडों के 10-10 गाँवों में महिला समाख्या, कार्य चलाकर कुल 120 गाँवों में चल रहा है ।

वर्ष 93-94 की लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि

		लक्ष्य	उपलब्धि
1.	कोरटीम का प्रशिक्षण		किया जा चुका है ।
2.	सहयोगिनी प्रशिक्षण	30 दिन	30 दिन
3.	सखी बैठक	240	240
4.	सखी प्रशिक्षण	240	240
5.	कार्यशालायें एवं बैठक	16	16
6.	महिला समाख्या केन्द्र (रिसोर्स सेन्टर)	निर्माण एवं संचालन प्रारंभ करना ।	लक्ष्य की प्राप्ति की गई ।
7.	पत्रिका एवं प्रकाशन		पत्रिका संग्रह कर प्रकाशित किया गया ।
8.	महिला कुटीर निर्माण	16	4 निर्माण कार्य शुरू है ।
9.	जनजागृति केन्द्र		30
10.	बचत कोष		70

विशिष्ट कार्य

1.	जनजागृति केन्द्र की स्थापना	गाँव की देखरेख में [illegible] केन्द्र की स्थापना की गई ।

2. [illegible] के विवाद का निपटारा ।

3. [illegible] कार्य किया जाना ।

4. [illegible] निर्माण ।

5. [illegible]

{2}

7. समूह द्वारा बचत कोष की स्थापना--अबतक 70 बचत कोष स्थापित किये गये है ।

8. परिवार नियोजन कार्यक्रम में सहयोग अबतक 184 महिलाओं का बंध्याकरण कराया गया ।

9. मातृ अनुदान 156 महिलाओं को दिलाया गया ।

10. टीकारण समूह द्वारा 4436 बच्चे-बच्चियों को टीका दिलाया गया ।

11. जगजगी ।

प्रोस्पेक्टीव प्लान 94 से 97 तक

1. इस जिले में कुल प्रखंड 18 हैं ।

2. इस जिले में कुल राजस्व ग्राम 960 हैं ।

3. महिला समाख्या 12 प्रखंडों {नये 15 प्रखंडों} में कार्यरत है {जिसमें शिवहर + कटसरी + पिपराही + पुरनहिया}

4. महिला समूह 120 ग्रामों में ।

5. वर्ष 94-95 रीगा एवं सोनबरसा प्रखंड के 85 राजस्व ग्राम आच्छादित होगें ।

6. वर्ष 95-96 में डुमरा ,सुपरी,नानपुर,सैदपुर,बाजपट्टी,सुरसंड प्रखंडों के शेष सभी राजस्व ग्रामों को आच्छादित करने का लक्ष्य है ।

7. वर्ष 96-97 में शेष सभी प्रखंड यथा शिवहर {कटसरी सहित}, पिपराही {पुरनहिया सहित}, तरियानी, बलसंड, मेजरगंज, बैरगनिया एवं बथनाहा ।

बिहार शिक्षा परियोजना के बाद का प्रभाव

1997 में जब बिहार शिक्षा परियोजना का कार्यकाल समाप्त होगा तब इस जिले की अभिवंचित वर्ग की महिलाओं में इतनी जागृति आ गई रहेगी कि वे बच्चो को प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य रक्षा के प्रति सजग रहेगी तथा विकास के कार्यो में रुची लेकर समाज को इसका लाभ दिला पायेगी ।

ग्राम विस्तार

वर्ष 93-94 की उपलब्धि को देखने से यह स्पष्ट होता है कि 120 ग्रामों की महिलाओं में जागृत्ति आई है । शिक्षा के प्रति सम्मान पैदा हुआ है । अब वे विकास की मुख्य धारा में अपने आपको जोड़ना चाहती है ।

बिहार शिक्षा परियोजना का इम्पैक्ट उन ग्रामों पर भी अच्छा हो । इसी उद्देश्य से वर्ष 94-95 में रीगा एवं सोनबरसा प्रखंड जहाँ पूर्व से यह कार्यक्रम 10-10 ग्रामों में चलाया जा रहा है के सभी राजस्व ग्राम एवं उनके टोलों में भी विस्तार करने का लक्ष्य है ।

रीगा प्रखंड में महिलासमाख्या, बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की देख-रेख करती है । इस प्रखंड के उन ग्रामों में भी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाये जा रहे हैं जहाँ अबतक समूह निर्माण

(3)

महिला समाख्या द्वारा गठित समूह की प्रायः सभी महिलायें अभिवंचित वर्गों की ही होती है तथा उनके काम काजी बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र की स्थापना की जाती है । इसलिए पूरे प्रखंड केसभी ग्राम/टोलाकं में समूह का निर्माण आवश्यक हो गया है । इसलिए इस प्रखंड के शेष 33 राजस्व ग्रामों में महिला समाख्या का विस्तार किया जा रहा है ।

सोनवरसा प्रखंड

सोनवरसा प्रखंड में भी महिला समाख्या के प्रयास से 10 ग्रामों में शत-प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य प्राप्त किया गया है । महिला समाख्या की की सहयोगिनी एवं सखी अन्य ग्रामों में सहयोग लेकर नामांकन कराकर वृध्दि कराई गई है ।

इस प्रखंड में 9-14 वर्ष की बालिकायें घरेलू कार्यों में माँ का सहयोग करने के कारण निरक्षर रह जाती है । समूहों द्वारा लगातार माँग किये जाने तथा जिला स्तरीय कोरटीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण उनके औचित्य को तर्कसंगत पाये जाने पर बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा जगजगी केन्द्र की स्थापना की गई है ।

जिनमें 250 बालिकायें शिक्षा प्राप्त कर रही है । इस नयी व्यवस्था का प्रभाव अन्य ग्रामों की महिलाओं पर पड़ा है । वे भी स्थानीय स्तर पर सहयोगिनी एवं आस-पास की सखियों से लगातार अनुरोध करती है कि उनकी बच्चियों पर विशेष ध्यान दिया जाय ।

प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर जिला कोरटीम ने यह महसूस किया है कि सोनवरसा प्रखंड की महिलाओं की जागरूकता को देखते हुए इस प्रखंड के शेष सभी ग्रामों में समूह निर्माण किया जाय । तद्नुरूप वर्ष 94-95 की कार्य योजना में इस प्रखंड के शेष सभी ग्रामों को महिला समाख्या से आच्छादित करने का लक्ष्य है ।

2. सहयोगिनी चयन/ सखी चयन/समूह गठन

चूँकि 85 गाँव का प्रस्ताव है इसलिए 8 सहयोगिनी एवं 170 सखी के चयन किये जाने का प्रस्ताव है । गाँवों में समूह की पहचान की प्रक्रिया में ही 10 गाँव के प्रत्येक संकुल में से एक-एक प्रखंड पढ़ी लिखी महिला को चिन्हित कर उसका चयन विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जायेगा । इसके साथ ही प्रत्येक गाँव के अभिवंचित वर्ग के महिलाओं ने समूह के प्रतिनिधित्व हेतु दो-दो महिलाओं को सखी के रूप में चयन किया जायेगा ।

	I	II	III	IV
सहयोगिनी चयन	x	x	8	x
समूह गठन	10	25	30	20
सखी चयन	20	50	60	40

3. प्रशिक्षण-सखी + सहयोगिनी

महिला समाख्या के कार्यों को ग्राम स्तर तक पहुँचाने के साथ ही महिला समाख्या कार्यक्रम के उद्देश्यों को वहाँ तक पहुँचाने एवं उन्मुखीकरण हेतु सहयोगिनी एवं सखी का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है :-

	I	II	III	IV
प्रशिक्षण सहयोगिनी	×	×	एक प्रशिक्षण 3दिन का जिला कोर ग्रुप द्वारा	10दिन का एक प्रशिक्षण

	I	II	III	IV
सखी प्रशिक्षण	1	2	2

4. कार्यरत सहयोगिनी/रिफ्लेक्शन बैठक/कार्यशाला/प्रशिक्षण

जिला कोर ग्रुप टीम के साथ कार्यरत एवं नयी सहयोगिनी का प्रत्येक माह के अंत में दो दिन का रिफ्लेक्शन बैठक आयोजित होगा जिसमें कार्यक्रम की समीक्षा के साथ-साथ क्वार्टर वाइज क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों को बुलाकर उनसे सम्बन्धित विषयों का प्रशिक्षण सहयोगिनी को दिया जाएगा ।

I	II	III	IV
5	3	3	3

(यह दो दिवसीय होगा)

5. कार्यरत सखी प्रशिक्षण

पुराने 120 गाँव की सखियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण वर्ष 93-94 में दिया जा चुका है । इन्हीं सखियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 94-95 में 5 दिवसीय प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है ।

	I	II	III	IV
प्रशिक्षण	2	2	1	

6. गठित समूह

वर्ष 93-94 के कार्य अनुभव के आधार पर देखा गया है कि गठित महिला समूह का कार्यशाला होना आवश्यक है। क्योंकि किस मुद्दे को कैसे उठाना चाहिए एवं उसपर समूह द्वारा कार्य कैसे किया जाना चाहिए इन सभी बातों की जानकारी देना जरूरी है । यह कार्यशाला दो गाँव के समूह के साथ उनके नजदीकी स्कूल या पंचायत भवन में किया जाएगा । इस कार्यशाला में दो गाँव की महिला समूह की सभी सदस्या/सखी/सहयोगिनी भाग लेगी । यह कार्यशाला दो दिन का होगा। परन्तु आवासिय नहीं ।

	I	II	III	IV
	×	20	20	20

(5)

7. जगजगी केन्द्र

जगजगी केन्द्र के अन्तर्गत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को शिक्षा का प्रावधान है । साथ ही महिलाओं के लिए साक्षरता शिक्षा का प्रावधान है । जगजगी केन्द्र के लिए अनुदेशिका "सहेली" का चयन महिला समूह, सहयोगिनी एवं जिला कोर टीम द्वारा किया जाएगा । इनका प्रशिक्षण महिला समाख्या कोर टीम एवं बिहार शिक्षा परियोजना के जिला अनौपचारिक शिक्षा के प्रभारी के सहयोग से दिया जाएगा । प्रशिक्षण अवधि, स्थान, पाठ्यक्रम इत्यादि जिला बिहार शिक्षा परियोजना के एन०एफ०ई० आयामों के रास्तों के आधार पर होगी । सहेली शिक्षार्थी को अक्षर ज्ञान के साथ-साथ महिलाओं से संबंधित जानकारियाँ भी देगी ।

वर्ष 94-95 में 150 केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है । जिसमें रीगा के सभी गाँव में महिलाओं के लिए एवं सोनबरसा प्रखंड के सभी गाँव में साथ ही कार्यरत गाँव में खोलने का प्रस्ताव है ।

	I	II	III	IV
सहेली चयन	25	25	50	50
प्रशिक्षण	1	2	2	2

8. महिला कुटीर

महिला समाख्या के अन्तर्गत गठित महिला समूह को बैठक करने हेतु एवं जगजगी केन्द्र के बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए गाँव में महिला कुटीर का निर्माण करना अत्यंत जरूरी है ऐसा महसूस किया गया है । महिला कुटीर हेतु स्थल चयन महिला समूह द्वारा किया जाएगा । उसकी लिखित स्वीकृति अंचलाधिकारी से लेकर ही निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा ।

- महिला कुटीर 15x15 का होगा ।
- इसके लिए 3.4 डिसमिल जमीन
- कुटीर पक्का का होगा
- कुटीर के बाहर बरामदा
- एक चापाकल
- शौचालय
- श्रमदान के रूप में कुल निर्माण खर्च का लगभग एक तिहाई भाग महिला समूह को वहन करना होगा ।
- इस कुटीर का लागत 43675 रुपया है ।

कुटीर निर्माण का पूरी जबावदेही महिला समूह की महिलाओं की होगी । इसकी मुनिटरिंग सहयोगिनी/सखी महिला समूह द्वारा किया जाएगा ।

वर्ष 94-95 में 15 महिला कुटीर खोलने का प्रस्ताव है ।

I	II	III	IV
-	5	5	5

9. रिसोर्स सेन्टर हेतु पुस्तकालय

महिला समाख्या रिसोर्स सेंटर जिला कोर टीम, सहयोगिनी, सहेली एवं सखी के बैठकों, प्रशिक्षणों और अन्य गतिविधियों का स्थान है । जहाँ समय-समय पर आवासीय कार्यक्रम आयोजित होती है । अत: उनकी जानकारियों को बढ़ाने

और दुनिया की गतिविधियों को जानने के लिए रिसोर्स सेन्टर में एक पुस्तकालय के गठन का वर्ष 94-95 में लक्ष्य है ।

10. प्रशिक्षक दल का गठन

महिला समाख्या की गतिविधियों के बढ़ने के साथ ही साथ प्रशिक्षण के कार्य भी बढ़ते जा रहे हैं । अतः जिला स्तर पर एक प्रशिक्षक दल का गठन वर्ष 94-95 में किये जाने का लक्ष्य है । जिसमें 5 महिला प्रशिक्षक टीम में होंगी ।

11. सांस्कृतिक दल का गठन

वर्ष 94-95 में जिला स्तर पर सहयोगिनी, सखी एवं महिला समूह के कुछ सदस्यों को लेकर एक सांस्कृतिक दल का गठन द्वितीय क्वाटर में करने का प्रस्ताव है । यह सांस्कृतिक दल स्थानीय कलाओं जिसमें लोकगीत, नुक्कड़, नाटक, भजन आदि की तैयारी और इसके साथ-साथ इसके माध्यम से ही वातावरण निर्माण का कार्य करेगा ।

12. पत्रिका, कैसेट, पठन पाठन सामग्री

महिला समाख्या की गतिविधियों और गाँव में घटने वाली घटनाओं एवं उसके ऊपर महिला समूहों द्वारा लिए गए निर्णयों को महिला समूह द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्यों को "जुनु बहिना" पत्रिका के माध्यम से लिपिबद्ध कर गाँवों में महिलाओं तक पहुँचाने एवं उनमें साक्षरता की ललक जगाने के उद्देश्यों से पत्रिका, जागनी केन्द्र की बालिकाओं और महिलाओं को उनके जीवन से जुड़ी शिक्षा देने के उद्देश्य से साथ ही सखी, सहयोगिनी और महिला समूह द्वारा बनाये और गाये गीतों के संग्रह को एक कैसेट के रूप में तैयार करने का 94-95 में लक्ष्य है ।

13. बचत कोष

वर्ष 93-94 में 70 महिला समूह द्वारा बैंक में बचत कोष खोला गया है। वर्ष 94-95 में 50 बचत कोष और खोलने का प्रस्ताव है ।

14. शिक्षण सामग्री की आपूर्ति

बिहार शिक्षा परियोजना के तहत जो शिक्षण सामग्री महिला समूहों द्वारा निर्माण कर आपूर्ति की जा सकती है। उनका प्रशिक्षण महिला समूहों को दिलवा कर उसकी आपूर्ति समूह की जायेगी ।

15. <u>कार्यशालायें</u>

वर्ष 94-95 में विभिन्न विषयों पर कार्यशाला करने का प्रावधान है ।

कार्यशाला	संख्या	स्थान
शिक्षिकाओं के साथ	6	प्रखंड स्तर पर
अभिभावकों के साथ	200	गाँव स्तर पर
महिला दिवस	11	जिला स्तर पर प्रखंड स्तर पर
महिला सम्मेलन	11	जिला स्तर पर
बालिका मेला	12	प्रखंड स्तर पर
माँ-बेटी मिलन	12	प्रखंड स्तर पर
जगजगी दिवस	11	जिला स्तर पर
साक्षरता दिवस	11	जिला स्तर पर

<u>वर्ष 94-95 की मुख्य झलकें</u>

गाँव विस्तार ----------------	85
सहयोगिनी चयन/प्रशिक्षण ----------	8
सखी/चयन/प्रशिक्षण ------------	170
बचत कोष ------------------------	50
जगजगी केन्द्र ----------------------	150
महिला कुटीर निर्माण ------------	15
महिला समूह गठन ----------------	85
ड्वाकरा के द्वारा महिलाओं को लाभ -	40
पुस्तकालय का निर्माण	1

वातावरण निर्माण एवं लोक भागीदारी

प्रगति प्रतिवेदन (1993-94)

बिहार शिक्षा परियोजना सीतामढ़ी में वातावरण निर्माण एवं लोकभागीदारी कम्पोनेन्ट लोगों में बिहार शिक्षा परियोजना के प्रति आस्था उत्पन्न करने तथा शिक्षा को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी आवश्यक आवश्यकता की श्रेणी में लाकर खड़ा कर देने को कृत संकल्प है।

वर्ष 1993-94 में वातावरण निर्माण एवं लोक भागीदारी द्वारा किए गए कार्य तथा उपलब्धियां :-

(1) बाल मेला :- वर्ष 1993-94 में वातावरण निर्माण द्वारा अबतक 6 प्रखंडों में मुख्यालय स्तर पर बाल मेला का आयोजन किया जा चुका है। एक बाल मेला में 20 विद्यालयों ने भाग लिया। बच्चे 5की0मी0 तक की दूरी से कतारबध्द होकर बिहार शिक्षा परियोजना के नारे लगाते हुए आ रहे थे। मेला में उन्हें शिक्षा की आवश्यकता तथा स्वनिर्भरता का प्रशिक्षण दिया गया। हर 6 मेलों में कुल 24,000 बच्चे अभिभावक तथा महिलाओं ने भाग लिया।

(2) नामांकन अभियान :- 6-14 वर्ष के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन हेतु जिला स्तरीय चार नामांकण अभियान दल का गठन किया गया। जिसके तहत 60 केन्द्रों पर शिक्षक/ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य तथा बिहार शिक्षा परियोजना के नामांकन अभियान दल के साथ बैठक हुई। जिसमें शत-प्रतिशत नामांकन, ग्राम शिक्षा समिति की नामांकन में भूमिका, छीजन रोकने के उपाय, लड़कियों का नामांकन आदि विषयों पर चर्चा हुई तथा उपाय सुझाए गए।

(3) सांस्कृतिक कार्यक्रम :- वर्ष के प्रमुख दिवसों यथा 15अगस्त, 26-जनवरी, 8सितम्बर तथा 14नवम्बर को सांस्कृतिक दल उप समिति के द्वारा शिक्षा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के प्रमुख अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

(4) शिक्षा यात्रा :- 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर बिहार शिक्षा परियोजना के वातावरण निर्माण कम्पोनेन्ट द्वारा सीतामढ़ी में तथा विभिन्न प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शिक्षा यात्रा तथा झांकी निकाली गयी। शिक्षा यात्रा का नेतृत्व समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने किया।

